● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 156, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 14 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



यूपी में एनडीए सहयोगी दलों ने तेज की आरक्षण की मांग 5

लार्ड्स टेस्ट में सीराज को मिले दो विकेट 6

## सरकार प्रवासी उद्यमियों को निवेश के लिये अनुकूल माहौल देगी : डॉ. यादव

**इंदौर प्रवासी उद्यमियों ने दिए कई निवेश प्रस्ताव**

**सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ का निवेश प्रस्ताव**

**विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस का प्रस्ताव**



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई यात्रा के पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय, विशेष रूप से इंदौर से जुड़े उद्यमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इंदौरी इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया जिसमें 25 से अधिक सीईओ उपस्थित रहे और 15 से अधिक प्रमुख उद्यमियों ने मध्यप्रदेश में निवेश की रूचि दिखाते हुए अपने निवेश प्रस्ताव दिए। वर्तमान में आईआईबीएन यूएई में 750 से अधिक सदस्यों के साथ एक स्थापित लाइसेंस प्राप्त समुदाय है जिसमें व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंकर, शिक्षाविद् सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल शामिल हैं। आईआईबीएन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को निवेश प्रस्तावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में आईआईबीएन की कोर कमेटी के सदस्य श्री अजय कसलीवाल, श्री प्रेम भाटिया, सुश्री अंजू भाटिया, श्री निलेश जैन, श्री मनोज झारिया, श्री नसीर खान और अमित श्रीनिवास ने जानकारी दी कि यूएई में निवासरत इंदौरी प्रवासी निवेश की संभावनाओं को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। उन्हें राज्य सरकार से मिलने वाले मार्गदर्शन और सहयोग को लेकर पूरा विश्वास है।

इस अवसर पर दुबई में रहने वाले सीए श्री प्रवीण मेहता ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए निजी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये की लागत से एक परियोजना और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले सस्टेनेबल सिटी के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भी उन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है, जिनके बच्चे विदेशों में हैं। उन्होंने कहा, अगर आपके बच्चे बाहर हैं, तो हम आपका परिवार हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित कलेक्टर इन वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में दुबई स्थित फ्यूचर वाइज एजुकेशन की सीईओ सुश्री अंजू भाटिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मध्यप्रदेश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस की स्थापना का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय डिग्री अपने ही राज्य में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। श्री प्रेम भाटिया ने बताया कि वे इंदौर से दुबई आने वाले शुरुआती परिवारों में से एक हैं। आज उनकी बदौलत 400 से अधिक परिवार यूएई में रोजगार प्राप्त कर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रवासी भारतीयों के प्रस्तावों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी उद्यमियों को राज्य में निवेश के लिये हर संभव सहयोग और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को किया मनोनीत

**उज्वल निकम-मीनाक्षी जैन के नाम भी शामिल**

नई दिल्ली

राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते , भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत इन लोगों को राज्यसभा के लिए चुना है। भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए 12 व्यक्तियों को मनोनीत कर सकते हैं। ये लोग कला, साहित्य और लोक सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाने जाते हैं।

हर्षवर्धन श्रृंगला पूर्व विदेश सचिव रहे हैं। उन्होंने पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत का पद भी संभाला है। उन्होंने 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी कार्य किया है। उज्जवल देवराव निकम कानूनी क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं। कई हाई प्रोफाइल मुकदमों को संभालने के लिए उन्हें जाना जाता है, इनमें 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में अजमल कसाब का मुकदमा और 1993 के बॉम्बे विस्फोट मामले शामिल हैं। उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के आम चुनावों में मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था।

राज्यसभा के लिए नामित किए गए सी. सदानंदन मस्ते केरल के भाजपा सदस्य हैं। वे पूर्व में शिक्षक रहे हैं। उन्हें भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। वहीं, सदानंदन को 25 जनवरी, 1994 में राजनीतिक हिंसा के शिकार बनाया गया था। तब उनके पैतृक गांव पेरिंचरी के पास माकपा कार्यकर्ताओं ने उनके दोनों पैर काट दिए थे।

वहीं, राज्यसभा के लिए राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नामित की गई डॉ. मीनाक्षी जैन प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर रही हैं।

**भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड को लेकर सम्मान समारोह में पहुंचे सीएम धामी**

## जनता का समर्थन हमारी ताकत : धामी



**देहरादून।** भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए सीएम धामी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

## पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया अपग्रेड

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों से जुड़े उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए कई हथियारों को स्नाइफर राइफल में बदल रहे हैं। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि .303 राइफल आमतौर पर करीब 500 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है।

## करणी सेना और पुलिस में झड़प, लाठीचार्ज के बाद 50 गिरफ्तार

**हरदा।** हरदा में शनिवार को धारा 420 के एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के दौरान करणी सेना ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति बनी और करणी सेना के कार्यकर्ता पुलिस कर्मचारियों से झूमाझटकी करने लगे। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली थाने तक का घेराव कर दिया। वहीं, इस दौरान उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे एसआई अनिल गुर्जर और करणी सेना जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत के बीच तीखी बहस भी हुई। सुनील ने एसआई को धमकी तक दे डाली कि वर्दी उतारकर आना। यहां माहौल बिगड़ा तो इसकी जिम्मेदार पुलिस होगी। इस बीच दूसरे कार्यकर्ता भी पुलिस से झूमा झटकी करने लगे और स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने जिलाध्यक्ष सहित पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए लाठी चार्ज एवं हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर किया। अपने नेताओं को छुड़ाने की मांग पर चक्काजाम कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने आंसू गैस के गोल छोड़ दिए। इसके साथ ही वाटर कैनन चलाकर भी भीड़ को कंट्रोल करने की कोशिश की गई। इसके बाद विरोध प्रदर्शन में शामिल करणी सेना के नेता जीवन सिंह शेरपुर सहित करीब 50 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। करणी सेना जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत ने सिटी कोतवाली थाने में धमकी दी कि पुलिस न्याय नहीं करेगी, तो हमें न्याय करना आता है। इधर करणी सेना के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है, जिसके बाद वे अपने कार्यकर्ताओं को छुड़ाने बाईपास पर जाम लगाकर बैठ गए। वहीं, इस पूरी घटना को लेकर हरदा एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि धारा 420 के एक मामले में आरोपी मोहित को पुलिस इंदौर से गिरफ्तार करके हरदा लाई थी, लेकिन यहां करणी सेना के कार्यकर्ता उस आरोपी को उनके हवाले करने की मांग कर रहे थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दुबई में अभूतपूर्व स्वागत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को दुबई पहुंचे। डॉ. यादव का भारतीय समुदाय के नागरिकों और उद्योगपतियों ने गर्मजोशी से अभूतपूर्व स्वागत किया। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मालवा क्षेत्र के पुराने साथी भी मिले, जिनसे मिलकर वे भावुक हो गए। ताज होटल में भारतीय समुदाय ने पलक-पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आत्मीय और सरल व्यवहार ने सभी मेजबानों का दिल छू लिया। आत्मीय स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

## महाराष्ट्र में नहीं थम रहा भाषा पर वबाल

**शिवसेना यूबीटी नेताओं ने की ऑटो चालक की पिटाई**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जारी हिंदी-मराठी भाषा विवाद के चलते राज्यभर की सियासत में गर्माहट है। इसी बीच ऐसा ही एक मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो की महाराष्ट्र के पालघर का बताया जा रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है एक ऑटो-रिक्शा चालक को शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं की तरफ से मराठी भाषा का अपमान करने का दावा करते हुए पीटा जा रहा है। इस घटना ने राज्य में भाषा विवाद को और बढ़ा दिया है। मामले में पुलिस ने रविवार को कहा कि उन्होंने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, इसलिए अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। वहीं इस वीडियो के वायरल होने पर शिवसेना (यूबीटी) के एक स्थानीय नेता ने दावा किया कि ऑटो-रिक्शा चालक को सजा दी गई। साथ ही कहा कि जो कोई भी मराठी भाषा, महाराष्ट्र या मराठी प्रतीकों का अपमान करेगा, उसे शिवसेना की सच्ची शैली में जवाब दिया जाएगा।

## बेखौफ अपराधी ने वकील को किया गोलियों से छलनी

**इलाज के दौरान हुई मौत, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

**पटना।** बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम चल रहा है। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग का दावा है कि मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब तक 80.11 फीसदी वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन हो चुका है। अब अमर उजाला आपके सामने एक ऐसी तस्वीर सामने ला रहा है, जिसमें वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम कैसे हो रहा है। इस वैरिफिकेशन पर एक आम आदमी ने आपत्ति जाहिर किया है। आपत्ति जाहिर करने के पीछे का कारण यह है कि बिना बूथ पर गये मतदाताओं का वैरिफिकेशन पहले ही पूरा कर लिया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा की गई लापरवाही अब सबके सामने दिख रही है। यह तस्वीर पटना के पॉश एरिया की है।

अमर उजाला के पास पटना में रहने वाले एक शख्स आये और उन्होंने वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन कार्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जो बताया वह काफी हैरान कर देने वाला है। उन्होंने इस पोरे मामले का जिक्र करते हुए कुछ फोटो और वीडियो चुनाव आयोग को मेल किये हैं। दरअसल वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन कराने के लिए वह अपने बूथ संख्या 779 पर गये तो पता चला उनका, उनकी पत्नी और उनके पिता का नाम उस बूथ संख्या पर है लेकिन उनकी माता का नाम उस बूथ संख्या पर नहीं है। काफी देर इधर-उधर पता करने पर यह मालूम हुआ कि उनकी मां का नाम उस बूथ संख्या से लगभग 300 मीटर की परिधि में दूसरे बूथ पर है। खैर, अब बूथ संख्या 779 पर उन्होंने अपना, अपनी पत्नी का और अपने पिता का वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन फॉर्म जब निकलवाया तो फॉर्म देखकर वह हैरान रह गये। फॉर्म पूरी तरह भरा हुआ था। यहां तक कि सभी फॉर्म पर आवेदक के हस्ताक्षर भी पहले से किये हुए थे। यह देखकर उस शख्स ने इस बात पर आपत्ति करते हुए हंगामा करने लगे।

## मायावती ने सात राज्यों के पार्टी संगठन की समीक्षा की

**कहा-भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है। मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है।

## चुनाव आयोग के दावों को तेजस्वी ने किया खारिज

**पटना।** चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दौरान 80 प्रतिशत फॉर्म जमा होने का दावा किया था। अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चुनाव आयोग के दावों को खारिज कर दिया है। कहा कि चुनाव आयोग का 80 फीसदी फॉर्म जमा होने का दावा जमीनी हकीकत से पूरी तरीके से विपरीत है। उन्होंने कहा कि कई जगह फर्जी तरीके से फॉर्म अपलोड किए जा रहे हैं। हमलोगों ने इस पर सवाल भी उठाया लेकिन चुनाव आयोग इस गंभीर मामले पर चुप है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग ने ये नहीं बताया कि कितने प्रपत्र सत्यापित, स्वच्छ और वैध तरीके से भरे गए हैं? जमीन से लगातार हमें सूचना मिल रही है कि बिना मतदाता के जानकारी और बिना सहमति के [illegible] द्वारा फर्जी अंगूठा या हस्ताक्षर लगाकर प्रपत्र को अपलोड किया जा रहा है।

## उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन जरूरी, तभी बचेगा महाराष्ट्र : राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राऊत ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का साथ आना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों ठाकरे भाई एक हो जाते हैं, तो महाराष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। साथ ही राऊत ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा की नीति है पहले मुंबई को लूटो, फिर उसे केंद्रशासित प्रदेश बनाओ, फिर विदर्भ को अलग राज्य बनाकर महाराष्ट्र की एकता को खत्म कर दो। बता दें कि संजय राऊत ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम रोक-ठोक में लिखी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को महाराष्ट्र की एकता या मराठी अस्मिता से कोई मतलब नहीं है।

राऊत ने यह भी याद दिलाया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक समय नागपुर में विदर्भ मेरा अपना राज्य है, जैसे बैनर लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। राऊत ने कहा कि अगर उद्धव और राज ठाकरे की एकता बनी नहीं रही, तो मुंबई अदाणी-लोढ़ा के हाथों चली जाएगी, और एक दिन वह महाराष्ट्र का हिस्सा भी नहीं रह जाएगी।

## देश भर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

**ईसी ने शुरू किया काम, बिहार में बवाल के बाद उठे थे सुप्रीम सवाल**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। बता दें कि, चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पुनरीक्षण के खिलाफ चुनौती दी थी, उनका कहना था कि इससे योग्य नागरिकों को वोट डालने का अधिकार मिल सकता है। अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है।

चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा। वहीं राज्यो में विधानसभा चुनाव की बात करें, तो बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल में विधानसभा चुनाव होंगे।

चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

# जनता की आवाज उठाने पर पुलिस ने भास्कर मिश्रा को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तारी पर जमकर हुआ हंगामा, नही मिली जमानत, भेजे गये जेल

### समर्थको ने न्यायालय के सामने की नारेबाजी, सीएसपी पर उठाया सवाल

**सिंगरौली।** जिले में बरगवां से लेकर रजमिलान-गड़ाखाड़ के बीच कोल वाहनों से आये दिन हो रहे सड़क हादसे को लेकर इस पर रोक लगाने के लिए कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में परसौना तिराहा पर आज दिन रविवार की सुबह चक्काजाम शुरू किया। इसी दौरान भास्कर मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले सिविल लाईन ले गई। इसके बाद उनके समर्थको ने जगह-जगह हंगामा शुरू कर दिये और यह दौर देर शाम तक चलता रहा।

गौरतलब है कि बरगवां से लेकर परसौना, रजमिलान, गड़ाखाड़, सरई-गन्नई मार्ग में आये दिन कोल समेत अन्य बड़े वाहनों से अनायास लोग काल के गाल में समा रहे हैं। आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण एवं फोरलेन न होने के कारण सड़क हादसा थमने का नाम नही ले रहा है। आये दिन किसी न किसी के घर का चिराग बूझ जा रहे हैं। इन्हें ज्वलंत समस्या को लेकर कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा ने आज अपने समर्थको के साथ पूर्व सूचना के आधार पर परसौना-तिराहा पहुंच माल वाहको को जाने पर रोक-टोक करते हुये चक्काजाम शुरू कर दिये। जबकि सवारी वाहनो को आने-जाने पर रोक नही लगाया था। इसी दौरान सीएसपी विंध्यनगर के नेतृत्व में पुलिस पहुंची और भास्कर मिश्रा तथा पार्षद रामगोपाल पाल समेत आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार करते हुये पुलिस सिविल लाईन ले गई।

भास्कर मिश्रा की गिरफ्तारी को सून ग्रामीण सड़क पर उतर आये। जगह-जगह नारेबाजी करने लगे। यहां तक कि सैकड़ों लोग के अलावा जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह राजू, अतुल शुक्ला भी अपने समर्थको के साथ सिविल लाईन पहुंच भास्कर मिश्रा के गिरफ्तारी का विरोध करने लगे। इस दौरान पुलिस के खिलाफ नारेबाजी एवं तूतू-मैंमैं शुरू हो गई। हालांकि पुलिस के पास कोई ठोस जवाब नही आ रहा था। बाद में उन्हें बैढ़न न्यायालय में पेश की। जहां से विचाराधीन मानते हुये जेल भेज



दिया था। चर्चा है कि कल दिन सोमवार को सुनवाई होगी। भास्कर मिश्रा के समर्थक ने कांग्रेस पार्टी सिंगरौली ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्या द्विवेदी, कांग्रेस नेता अमित द्विवेदी, रामशिरोमणि शाहवाल, अशोक सिंह पैगाम, राजेश सिंह राजू, अनिल सिंह, अखिलेश सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसी व ग्रामीणजन भी पहुंचे थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह पुलिस लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आगे कहा कि भास्कर मिश्रा की गिरफ्तार पूरी तरह से गलत है।

### दिन भर परसौना से लेकर न्यायालय परिसर के बाहर रहा गहमा-गहमी

आज रविवार पूरे दिन हंगामा से भरा रहा है। परसौना से लेकर सिविल लाईन, कचनी एवं न्यायालय परिसर के बाहर भारी संख्या में लोग पहुंच कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कह रहे थे कि यहां की पुलिस डण्डे के बल पर लोगों के आवाज को दबाना चाहती है। भास्कर मिश्रा के साथ भी ऐसा ही हुआ है। पुलिस ने लोकतंत्र की हत्या करते हुये मौलिक अधिकारो को छिनने का प्रयास की है। जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह राजू, अशोक सिंह पैगाम, सीपीएम नेता संजय नामदेव ने भास्कर मिश्रा के गिरफ्तारी कर जमकर विरोध किया है और कहा कि बैढ़न पुलिस बाबा साहेब अम्बेडकर के संविदान को नही मानती। इसीलिए भास्कर की गिरफ्तारी की गई है। इस दौरान पुलिस को काफी पापड़ बेलने पड़े। दिनमान भी आसमान में तारे नजर आने लगे थे। वही पुलिस के इस कार्रवाई का चौतरफा विरोध हो रहा है।

### आरआई ने की महिला के साथ धक्कामुक्की, हुआ जमकर हंगामा

भास्कर मिश्रा के गिरफ्तारी के बाद आक्रोषित ग्रामीणों एवं उनके समर्थक जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह राजू सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस लाईन पहुंच नारेबाजी शुरू कर दी है। इसी दौरान भारी संख्या में पुलिस भी मौजूद थी। तभी भीड़ आगे बढ़ रही थी कि पुलिस लाईन के रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान ने एक महिला को हाथ से जोर का छटका दिया। जहां महिला गिर पड़ी। इसी बात से गुस्साए लोगों ने आरआई से उलझ गये। मामला इतना गरमाया कि तनाव की स्थिति निर्मित होने लगी। लेकिन कुछ समझदार पुलिस कर्मी भाप गये कि आरआई ने बड़ी गलती कर दी है। तत्काल आरआई को पीछे जाने के लिए इशारा किये। तब कहीं जाकर कुछ स्थिति संभल पाई। आरआई को अंतत: बैकफूट पर आना पड़ा। लेकिन इस बीच पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच जमकर तूतू-मैंमैं हुआ है।

### इनका कहना

मुझे सुबह 7:30 बजे सूचना मिली कि परसौना में कुछ लोक एकत्रित होकर छोटे व बड़े वाहनों के साथ स्कूल बसों को रोका गया था। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद बैढ़न समेत आसपास के पुलिस के साथ पहुंच मनाने एवं समझाने का प्रयास किया गया। वही स्कूली छोटे-छोटे बच्चे परेशान हो रहे थे। न मानने पर अभिरक्षा में ले लिया गया है।

**पीएस परस्ते**
**सीएसपी, विंध्यनगर**

# रविवार को भी संचालित होती हैं शहर क्षेत्र के विद्यालय!



### सीएसपी ने दिया ऐसा बेतुका बयान, सोशल मीडिया में जमकर हो रही किरकिरी

**सिंगरौली।** नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर की नजर में शहर की स्कूले रविवार को भी खुलती हैं। जी हा, आज दिन रविवार को सीएसपी विंध्यनगर पीएस परस्ते ने जिले में आये दिन सड़क दुर्घनाओं को लेकर आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के कारणों को मिडिया में बयान देते हुए कहा कि आज सुबह सूचना मिली कि परसौना के पास कुछ लोग चक्काजाम कर रहे हैं। यहां आकर देखा गया कि स्कूल बसों में छोटे-छोटे बच्चें बैठे हैं। उन्हें रोका गया है। जो स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। बस सीएसपी साहब के बयान सुनकर लोग पूछ रहे हैं कि क्या सीएसपी साहब की जानकारी में जिले की स्कूले संडे को भी खुलती हैं। जहां स्कूल बसों में बैठकर बच्चें विद्यालय पढ़ने जाते हैं। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा के साथ शहर एवं ग्रामीण वासियों ने आए दिन हो रहे जिले की दुर्घटनाओं को लेकर परसौना मोड़ में आंदोलन कर रहे थे। आंदोलन कर रहे भास्कर मिश्रा सहित अन्य लोगों की पुलिस ने की गिरफ्तारी की है। सीएसपी पीएस परस्ते ने बताया की स्कूली बच्चों का आवागमन बाधित हो रहा था, सोशल मीडिया पर सीएसपी विन्ध्यनगर का इंटरव्यू जमकर वायरल हो रहा है। लोग सवाल कर रहे हैं कि सीएसपी साहब क्या रविवार को भी स्कूले खुलती हैं। हालांकि सीएसपी पीएस परस्ते बयान में बता रहे हैं कि आंदोलन की उन्हे ऑफिसियलीं जानकारी नही थीं। जिससे उनकी किरकिरी हो रही है। दूसरी ओर आंदोलनकारी काफी आक्रोशित है। बताया जाता है कि कचनी वेयर हॉउस के सड़क दुर्घटना के बाद भास्कर मिश्रा ने जिला प्रशासन से कहा था, अब आगे सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की अकाल मौत होंगी, तो वह सुधार को लेकर आंदोलन करेंगे।

# सरई में मासिक महाआरती आयोजित, गूंजे जय माँ गुरुवर के जयकारे

**सिंगरौली।** धर्म, राष्ट्र व मानवता के सेवा के प्रति संकल्पित भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जुलाई माह के द्वितीय रविवार को सरई तहसील अंतगर्त थाना रोड सरई स्थित केशरी बीज भंडार के ऊपर मासिक महाआरती का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ।



यह धार्मिक आयोजन परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद व निर्देशन में संपन्न होता है, जिनके पावन संकल्प धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानव सेवा के मूल उद्देश्य को लेकर संगठन सतत कार्य कर रहा है। संगठन के सेवाभावी कार्यकर्ता घर-घर जाकर निश्शुल्क आरती व चालीसा पाठ के माध्यम से समाज में धर्म चेतना का प्रचार-प्रसार करते हैं। उसी क्रम में सरई में आयोजित महाआरती का उद्देश्य नशामुक्त एवं खुशहाल सरई के निर्माण के लिए जनजागरण करना था। आयोजन के दौरान गुरूवर श्री एवं माता जगदंबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के बाद चिंतन प्रदान किया गया एवं अंत में शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

# आईटीआई में एक साल पहले हुई चारपाई चोरी का खुलासा करने में नाकाम कोतवाली पुलिस

## लोहे की चारपाई का नही लगा सुराग, कोतवाली पुलिस एवं एसआईटी टीम खोजबीन करने में रही नाकाम

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में कबाड़ चोरों का हौसला बुलंद है। शासकीय भवनों को भी नही बक्स रहे हैं। आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज ज्वलंत उदाहरण हैं। जहां चोरों ने कई खिड़कियों के ग्रिल व दरवाजे तथा लोहे के गेट को पार कर गये थे।

एक साल पहले भी करीब एक सैकड़ा लोहे की चारपाई को चोरों ने पार कर दिया, लेकिन आज तक कोतवाली पुलिस एवं पूर्व में गठित एसआईटी टीम भी चोरों एवं चारपाई का सुराग लगाने में नाकाम रही है। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ चोरों की सक्रियता एवं उनका आतंक लगातार बढ़ रहा है। जिससे शहर वासी बेहद चिंतित हैं। कबाड़ चोरों को किस खाकी वर्दी का संरक्षण मिला है और किसके इशारे पर नित्य नई कबाड़ की दुकानें खुल रही हैं। यह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां बताते चले कि पिछले सप्ताह पचौर के आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के कई खिड़कियों के ग्रिल एवं उनके दरवाजे तथा आईटीआई कॉलेज के पीछे के गेट का दरवाजा भी गेंडर मशीन से कबाड़ चोरों ने



काट कर उठा ले गये। पुलिस सोती रही और चोर अपने मकसद पर सफल हो गये। हालांकि बाद में कॉलेज प्रबंधन के शिकायत पर कोतवाली पुलिस हरकत में आई और कुछ कबाड़ चोरों को दबोचते हुये उनके कब्जे से ग्रिल एवं खिड़कियां बरामद कर लिया गया। लेकिन आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई नही की गई। उधर आईटीआई कॉलेज पचौर से करीब एक साल पूर्व एक सैकड़ा से अधिक लोहे की चारपाई को कबाड़ चोरों ने बड़े वाहन के सहारे उठा ले गये। प्राचार्य के द्वारा कोतवाली में शिकायत भी दर्ज कराई गई, लेकिन आज तक पुलिस मामले का निपटारा नही कर पाई। जबकि पुलिस नाईट कॉम्बिंग गस्त भी करती और अपनी स्वयं की पीठ भी थपथपाती है। यहां तक कि चोरियों का पतासाजी करने के लिए करीब 8 महीने पूर्व तत्कालीन एसपी निवेदिता गुप्ता ने सीएसपी पीएस परस्ते विंध्यनगर के नेतृत्व में एसआईटी टीम भी गठित की गई थी। एसआईटी टीम भी कई प्रमुख चोरियों का पता लगाने में नाकाम रही है। जिसमें आईटीआई छात्रावास का भी मामला शामिल है। फिलहाल कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ चोरों के बढ़ते हौसले के आगे पुलिस बेवस नजर आ रही है। हालांकि बीते दिन कल लोहे के बिजली के खम्भे को निजी सुरक्षा गार्डो के सक्रियता से पकड़ कर पुलिस ने जप्त कर ली है। लेकिन कई बदमाश इधर-उधर हो गये। यह भी अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

# शासकीय भूमि पर निजी बसों की अवैध पार्किंग हटेगी : डीके

## नगर निगम द्वारा सार्वजनिक सड़क पर खड़ी निजी बसों को हटाने का चला अभियान

**सिंगरौली।** नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा की उपस्थिति में नवजीवन बिहार जोन अंतर्गत खड़ी सूत्र सेवा की बसों को हटाया गया। साथ ही अन्य खराब वाहन जो दुकानदारों के द्वारा कई दिनों से मेन रोड पर खड़े किये थे। उन्हें भी हटाया गया एवं भविष्य में इस प्रकार से खराब वाहनों को मेन रोड पर खड़ा करने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देशित




किया।

ज्ञात हो कि कई दिनों से मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि पर निजी बस ऑपरेटर द्वारा बसों को खड़ा किया जा रहा था, जिससे सार्वजनिक आवागमन में बाधा पहुंच रही थी। आमजन के हित में की गई कार्यवाही से सड़क यातायात को फायदा पहुंचेगा एवं दुर्घटना की संभावना भी कम रहेगी। ननि आयुक्त ने यह बताया कि खराब वाहनों को हटाने की कार्यवाही लगातार बैढ़न एवं ग्रामीण जोन से भी की जावेगी, ताकि रोड पर ट्रैफिक बहाल हो सके। कार्यवाही के दौरान ननि आयुक्त डीके शर्मा, उपायुक्त आरपी बैस, अतिक्रमण अधिकारी डीके सिंह, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, उप यंत्री विशाल खत्री, स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोदे, स्वच्छता पर्यवेक्षक राजू गोरेलाल, असिस्टेंट मैनेजर रोहित चौरसिया, अनिल सिंह एवं पूरे नगर निगम अमले के साथ यातायात थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह एवं उनकी पूरी टीम मौके पर मौजूद रहे।

# मल्हार पार्क बैढ़न में शोक सभा कर अनिल सोनी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**सिंगरौली।** बीते दिवस 10 जुलाई को अनिल सोनी के गायब होने के जानकारी परिवार जनों की लगी। खोज बीन करने के बाद जानकारी नहीं मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। तत्पश्चात दूसरे दिन खोजबीन करते हुए परिवारजन एवं बाजार के व्यापारी गण 11 जुलाई को खोजबीन करते हुए गए, जहां उनकी स्कूटी बिहरपुर के रसगंडा नदी के पास में मिली। छानबीन के दौरान उनकी शव 12 जुलाई को रिहंद डैम के गोभा क्षेत्र में मिला तथा पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिवार जनों को सौंप दिया गया।

# आरटीओ उड़नदस्ता दल का जनजागरूकता अभियान जारी

**सिंगरौली।** जान जागरूकता अभियान के तहत आज दिन रविवार को व्यापक पैमाने पर यात्री बस एवं माल वाहक गाड़ियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाया गया। जिले में सड़क हादसा से निजात



दिलाया जा सके एवं स्थानीय प्रशासन की कल्पना दुर्घटनामुक्त जिला बने अपना के स्लोगन के तहत चेक प्वाइंट प्रभारी आज अवकाश के दिन स्कूल बस, यात्री बस एवं माल वाहक गाड़िया सभी को टीम के साथ मिलकर जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई कर ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई कर 13 जुलाई तक 32 ऑनलाईन चालानी कार्रवाई कर 3 लाख 46 हजार 500 शासकीय राजस्व वसूला गया। वही ऑफलाईन चालानी कार्रवाई कर 69 हजार 500 शा. राजस्व एकत्रित किया गया। इस प्रकार कुल राशि 4 लाख 16 हजार रूपये शा. राजस्व के खाते में जमा कराया गया। चालानी कार्रवाई के दौरान यात्री बस के स्वामी एवं चालक से आपातकालीन खिड़की एवं दरवाजे दूरूस्त एवं मैकेनिकल खराबी को तत्काल दुरस्तीकरण हेतु निर्देशित किया गया। वही मालक वाहक गाड़ियों में परमिट, फिटनिस बीमा, ओव्हर लोड के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# नो एंट्री का नहीं हो रहा पालन, सीएसपी पर खड़े हो रहे सवाल

**सिंगरौली।** शहर में आए दिन सड़क हादसे से निजात दिलाने और भारी बहनों से हो रहे दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने नो एंट्री लागू की थी। जहां नो एंट्री के समय कोई भी भारी वाहन को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना था, लेकिन आदेश के बाद पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। सोशल मीडिया में आए दिन नो एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश का वीडियो वायरल होता है। ऐसे में सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते सहित पुलिस पर कई सवाल खड़े हो रहे।

गौरतलब है कि आए दिन हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए कलेक्टर ने सुबह 7 से रात 11 बजे तक नो एंट्री जोन के आदेश जारी किए थे। जिसपर नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना था। लेकिन आदेश होने के बाद सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते व पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कराकर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे शहर के ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिसपर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस विभाग। वहीं नो एंट्री में वाहनों के आवागमन के चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नो एंट्री में दौड़ते वाहन ट्रैफिक नियमों खिल्ली उड़ाते नजर आ रहे है। जबकि सब कुछ देखकर भी ट्रैफिक पुलिस मौन बनी हुई है। पुलिस की कार्यशैली देखकर लगता है कि लोगों को जाम से मुक्ति मिलने वाली नहीं है। पुलिस की सह पर प्रतिदिन नियमों को ताक पर रख कर भारी वाहनों का दिनभर शहर के भीतर आवागमन होता रहता है। बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के चलते शहरवासियों के समक्ष प्रतिदिन शहर में आने-जाने में समस्या खड़ी हो रही है। शहर में सुबह 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद दिन में ही भारी वाहन शहर से होकर गुजरते रहते हैं। जिसका खामियाजा शहरवासियों और यहां से गुजरने वालों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन सोशल मीडिया में वायरल वीडियो देख यह कहना गलत नहीं होगा कि नो एंट्री का पालन सिर्फ कागजों में हो रहा। शहर में सीएसपी के हाथ में कोतवाली पुलिस सहित यातायात पुलिस की कमान रहती है, लेकिन साहब पता नहीं किस दुनिया में रहते हैं कि उन्हें यह पता नहीं रहता की नो एंट्री का पालन होता है या नहीं। हां इतना जरूर है कि मीडिया के सवालों का वही रटा रटाया जवाब कि आपके द्वारा जानकारी मिली है और नो एंट्री का पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

# बहु विस्थापित परिवारों का हुंकार, कंपनी देगी अतिरिक्त प्रतिकर का अधिकार

## टीएचडीसी प्रबंधन व प्रशासन के भुगतान आश्वासन के बाद अनिश्चित धरना स्थगित

**सिंगरौली।** टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड के अमिलिया कोल माइंस में बहु विस्थापित हो रहे पिड़रवाह व बंधा के कई लामबंद परिवारों ने अतिरिक्त प्रतिकर सहित अन्य मांगो को लेकर प्रस्तावित अनिश्चित धरना आंदोलन को टीएचडीसी कंपनी प्रबंधन व जिला प्रशासन के 10 दिवस में पूर्ति करने के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया है।

गत दिवस सरई, पिड़रवाह के बहुविस्थापित ग्रामीण भू-अर्जन अधिनियम 2013 के तहत कम्पनी पर अतिरिक्त प्रतिकर का लाभ नहीं देने से नाराज हो आक्रोषित थे। लेकिन जिला प्रशासन व परियोजना प्रमुख के आश्वासन पश्चात फिलहाल धरना आंदोलन स्थगित कर दिया है,



लेकिन प्रबंधन को चेताया है कि निर्धारित दिवस में यदि मांग पूरी नहीं हुई तो भविष्य में कंपनी के कामकाज पर विपरित प्रभाव पड़ेगा। यदि कंपनी ने ईमानदारी से भू-अर्जन नियम के तहत मांग को पूर्ण कर लिया तो एक से अधिक बार विस्थापित हो रहे परिवारों को वर्तमान मुआवजा राशि के समक्ष अलग से अतिरिक्त प्रतिकर का लाभ मिलना तय है।

गौरतलब हो कि यदि कोई परिवार या भू-मालिक एक से अधिक बार विस्थापित होता है तो ऐसे बहु विस्थापित परिवार को उसके वर्तमान सम्पति के मूल्यांकन मुआवजा राशि के आलावा उसके समतूल्य भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 39 के तहत बहु विस्थापत परिवार को अतिरिक्त प्रतिकर दिए जाने का नियम है। क्यों कि उक्त अधिनियम की उक्त धारा में स्पष्ट उल्लेख है कि कलेक्टर या भू अर्जन अधिकारी ऐसे किसी कुटुम्ब को जिसे सरकार द्वारा इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन अर्जन के प्रयोजनार्थ पहले ही विस्थापित किया जा चुका है, विस्थापित नहीं करेगा और यदि उसे इस प्रकार विस्थापित किया गया है तो वह इस अधिनियम के अधीन अवधरित प्रतिकर के समतूल्य अतिरिक्त प्रतिकर का अधिकारी होगा।

भारत के औद्योगिक हब सिंगरौली में स्थापित औद्योगिक इकाईयों से कई बार विस्थापित होने वाले परिवारों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है, लेकिन जानकारी के आभाव में अधिकांश परिवार अतिरिक्त प्रतिकर के लाभ से वंचित हैं। जिम्मेदार उक्तशय की जानकारी भी नहीं देते, ना ही अतिरिक्त प्रतिकर का लाभ ही देते हैं। टीएचडीसी के अमिलिया कोल माइंस से प्रभावित हो रहे पिड़रवाह के बहु विस्थापितों ने लम्बी लड़ाई लड़ कर स्वयं लाभ पाने के साथ जिले के बांकी पूर्व के विस्थापित परिवारों के लिए एक रास्ता खोल दिया है। भविष्य में यदि कोई दोबारा विस्थापित होता है तो उसे बहु विस्थापन के रूप में मुआवजा राशि के बराबर अतिरिक्त प्रतिकर का लाभ पाने का अधिकार है।

# उन्नत तकनीक की कृषि यंत्र हैप्पी सीडर,सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर में अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**सीधी।** सहायक कृषि यंत्री ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले के कृषकों को उन्नत तकनीक की कृषि यंत्र हैप्पी सीडर/सुपर सीडर/स्मार्ट सीडर के क्रय पर शासन द्वारा अनुदान प्राप्त करने बाबत कृषकों से ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 05/07/2025 से प्राप्त किये जा रहे हैं। उपरोक्त कृषि यंत्रों के ऑनलाइन आवेदन के लिए कृषकों को स्वयं की नाम की जमीन की बी1, बैंक पासबुक, ट्रैक्टर आर.सी., जाति प्रमाण पत्र (एससी-एसटी वर्ग के कृषको के लिए) एवं 45 सौ रूपये राशि की डीमांड ड्राफ्ट (आवेदक के स्वयं के बैंक खाते से) धरोहर राशि के रूप में की आवश्यकता है । कृषकों द्वारा संदर्भित ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर उपरोक्त कृषि यंत्रों के लिए आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जावेगा एवं लॉटरी की सूचना प्रकाशित कर अनुदान प्रदाय के लिए शासकीय अन्य आवश्याक कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने बताया कि सुपर सीडर यंत्र मे खेत की जुताई एवं बीज की बुवाई की संयत्र एक साथ होती है और एक ही बार मे खेत की जुताई कर बुवाई कर देती है । सुपर सीडर यंत्र के उपयोग से नरवाइ, पराली एवं फसल अवशेष को खेत में जोताई कर मिट्टी में मिला दिया जाता है जो फसल के लिए कार्बनिक पदार्थ के रूप में कार्य करते हैं एवं फसल की कटाई उपरांत एक बार में ही अगली फसल की बीज को खेत मे जुताई-बुवाई एक साथ करने से फसल की बुवाई समय पर हो जाती है जिससे फसल के लिए आवश्यक उचित पर्यावरण प्रर्याप्त दिनों तक मिलने से फसल की पैदावार अच्छी होती है। उपरोक्त यंत्र के उपयोग से जुताई-बुवाई की लागत भी पारंपरिक विधि से जुताई-बुवाई की लागत से लगभग 40 प्रतिशत कम लगती है एवं मुनाफा बढ़ती है। सुपर सीडर के क्रय पर शासन द्वारा नियमानुसार अधिकतम 01 लाख 20 हजार रूपये की राशि अनुदान सहायता उपलब्ध है ।

इसी प्रकार हैप्पी सीडर यंत्र जीरो टिलेज तकनीकी आधारित है और नरवाई/पराली वाली क्षेत्रों मे खेत में उपस्थित नरवाई/पराली को अच्छे से सतह के ऊपर से काटकर खेत में बिछा कर खेत में बीज की बुवाई जमीन में चीरा लगाकर करती है जिससे खेत मे उपस्थित नरवाई/पराली खेत में बिछी कटी हुई पराली बोई गई फसल के लिए मल्चिंग का कार्य करती है और खेत की नमी को बरकरार रखने में सहायता करती है । उक्त यंत्र से फसल की बुवाई करने से फसल की पैदावार परंपरागत विधि से अच्छी आती है और जुताई-बुवाई की लागत भी पारंपरिक विधि से जुताई-बुवाई की लागत से लगभग 60 प्रतिशत कम लगती है एवं मुनाफा बढ़ती है। हैप्पी सीडर बुवाई तकनीक सुपर सीडर से वैज्ञानिक रूप से उन्नत होती है। हैप्पी सीडर यंत्र क्रय पर शासन द्वारा नियमानुसार अधिकतम 86350 रूपये राशि अनुदान सहायता उपलब्ध है ।

साथ ही स्मार्ट सीडर यंत्र सुपर सीडर यंत्र की एक अच्छी विकल्प है जो जीरो टिलेज तकनीक से हल्की ज्यादा खेत की जुताई करती है परन्तु सुपर सीडर से कम जुताई कर बीज बोनी वाली कतार में केवल जुताई कर बांकी जगह की नरवाई को खेत में दबाकर बीज की एक साथ बुवाई करती है। स्मार्ट सीडर की बुवाई में नरवाई खेत में दबकर खेत की नमी को बरकरार रखती है। उक्त स्मार्ट सीडर यंत्र से फसल की बुवाई करने से फसल की पैदावार परंपरागत विधि से अच्छी आती है और जुताई-बुवाई की लागत भी पारंपरिक विधि से जुताई बुवाई की लागत से लगभग 50 प्रतिशत कम लगती है और मुनाफा बढ़ती है। स्मार्ट सीडर यंत्र क्रय पर शासन द्वारा नियमानुसार अधिकतम 90200 रूपये राशि अनुदान सहायता उपलब्धि है।

उन्होंने सीधी जिले के कृषको को सूचित किया है कि उन्नत कृषि यंत्र के बारे में जागरूक हो सुपर सीडर/हैप्पी सीडर/स्मार्ट सीडर यंत्र क्रय पर शासन द्वारा अनुदान सहायता के लिए शासन के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर अनुदान योजना का लाभ लेवें, फसल की सही समय पर बोवाई कर फसल को मौसम की बढ़ती प्रतिकूलता से बचावें, फसल की जुताई-बुवाई की लागत को कम करें एवं उन्नत तकनीक की यंत्र से बुवाई कर फसल की उत्पादकता को बढ़ाकर अपना मुनाफा बढ़ावे।

# एसडीईआरएफ तथा होमगार्ड की टीम ने सोन नदी में फसे गोवंश को सुरक्षित नदी पार कराया



**सीधी**

एसडीईआरएफ और होमगार्ड सीधी के द्वारा कड़ी मेहनत और सूझबूझ के साथ सोन नदी के जोगदहा घाट में लगभग 25 की संख्या में फसे समस्त गौवंशों को नदी पार करवा दिया गया। गौवंशों को पार करवाने के पश्चात पूरी टीम को रोप लेडर के माध्यम से दोबारा पुल के ऊपर खींचने के बाद ,सोन घड़ियाल अभ्यारण्य से होकर पुल तक पूरा एरिया सर्च किया गया। इस दौरान कुछ गौवंश नदी किनारे पर चरते पाए गए, कुछ ऊपर पहाड़ में चढ़ कर अन्य कही चले गए। इस दौरान एक बछड़ा नदी में फंसा मिला जिसे उचित तरीके से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उन्हें और अधिक समय तक रोके जाने पर उनकी जान को खतरा हो सकता था, इसलिए थोड़ा जोखिम लेते हुए उन्हें नदी पार करवाना ही एकमात्र विकल्प था। नदी में काफी नुकीली चट्टानें हैं जहां बोट चलाने में मुश्किल होती है बाढ़ के दौरान साथ ही पूरा इलाका मगरमच्छों एवं घड़ियालों के लिए संरक्षित होने एवं उनकी मौजूदगी के कारण वहां जवानों की जान का जोखिम सदैव ही बना रहता है। बावजूद इसके दूसरे किनारे पर सर्च करने पर उस पूरे क्षेत्र में में किसी गौवंश की हताहत होने की खबर नहीं मिली और न ही प्रत्यक्ष तौर पर हताहत गौवंश देखे गए।

इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा उपस्थित रहकर आवश्यक मदद की गई।

# शुद्ध जल का करें उपयोग, जल जनित रोगों से स्वयं को रखें सुरक्षित

**सीधी।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें।

स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे पहले उबालें, साफ कपड़े से छानें अथवा क्लोरीन की गोली डालें और कम से कम एक घंटे के बाद उसका सेवन करें। खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोना अत्यंत आवश्यक है। यह सरल आदत कई रोगों से बचाव में सहायक होती है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सदैव ताजा पका हुआ भोजन एवं स्वच्छ खाद्य वस्तुओं का ही सेवन करें। अधिक समय पहले बना हुआ यात्री बासी भोजन न खाएं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीधी।** उपसंचालक कृषि संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 31 जुलाई 2025 तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि श्री श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार 900 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 858 रुपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 32 हजार 400 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 648 रुपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 600 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 612 रुपये है, मक्का फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 31 हजार 350 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 627 रूपये है मूंग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 100 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 482 रूपये हैं उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 50 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 461 रूपये हैं तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 780 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 495.60 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 923 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 478.46 रूपये है, कोदो कुटकी फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 316.06 रूपये है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है।

अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने बाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैक खाता है के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

# बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आज से

## प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाही

**सीधी।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले के चारों विधानसभाओं 076-चुरहट, 077-सीधी, 078-सिहावल, 082-धौहनी (अ.ज.जा) में दिनांक 14.07.2025 से 16.07.2025 तक बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर प्रशिक्षण उनके संबंधित विधानसभाओं में आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें जिले के कुल 1209 बीएलओ एवं 121 बीएलओ सुपरवाईजर को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जावेगा। उक्त प्रशिक्षण में मतदाता सूची पुनरीक्षण/बीएलओ एप्प एवं समय-समय पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के संबंध में प्रशिक्षार्थीयों को अवगत कराया जावेगा। जिले के चारों विधानसभाओं के अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है तथा प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत दण्डित की जाने की कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।

# वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों एवं उनके बचाव के उपाय

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियां ही प्रमुख रूप से देखी जाती है। दूषित जल के सेवन से टायफाईड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती है। इनसे बचने के लिए भोजन बनाने मे एवं पेयजल के रूप में शुद्ध उबले हुए जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से हाथ अवश्य धोएं। बारिश में शुद्ध पेयजल की समस्या बढ़ जाती है। पानी और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियों में प्रमुख रुप से दस्त/कृमि संक्रमण/त्वचा और आखों के रोग / मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित है।

# आतंकी घटनाओं से निपटने एनएसजी द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** पुलिस कंट्रोल रूम शहडोल में काउंटर टेररिस्ट इंसिडेंट रिस्पॉन्स ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, होमगार्ड, अग्निशमन तथा एसडीईआरएफ के अधिकारियों को आतंकी घटना के दौरान प्रथम प्रतिक्रिया, सतर्कता, विभागीय समन्वय और सावधानियों के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। एनएसजी के सहायक कमांडेंट श्री कमल द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार किसी आतंकी घटना के समय फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य करना है, किन-किन सावधानियों का पालन करना आवश्यक है तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय किस प्रकार सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण में पुलिस महानिरीक्षक शहडोल श्री अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्तव सहित शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिलों से पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य, वन, होमगार्ड, अग्निशमन और एसडीईआरएफ के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने तथा आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने तथा आपदा प्रबंधन के तहत सुरक्षात्मक उपायों के लिए जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय में स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 7652245371 है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे की ड्यूटी के लिए शासकीय सेवकों की ड्यूटी शिफ्टवार निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील की है कि कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर सम्पर्क कर अतिवृष्टि से हुई क्षति, पुल पुलिया के ऊपर पानी बहने, अतिवृष्टि से रास्तों के बाधित होने, जलभराव, जनहानि, फसल हानि आदि की जानकारी प्रशासन को देकर त्वरित सहायता प्राप्त करें।

# मुख्यमंत्री श्रावण के पवित्र माह में सपत्नी भगवान श्रीमहाकाल की भस्मारती में हुए शामिल

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रावण के पवित्र माह के दूसरे दिन उज्जैन में सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर भस्मारती में शामिल हुए। भस्मारती के बाद उन्होंने सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल का पूजन किया। पुजारी श्री आकाश गुरु द्वारा पूजन संपन्न करवाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंह घाट पर स्नान कर पूजन-अर्चन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में भ्रमण कर भस्मारती में शामिल हुए श्रद्धालुओं से उनके मंदिर में दर्शन अनुभव की जानकारी ली और उनकी कुशल क्षेम जानी। अयोध्या से उज्जैन महाकालेश्वर के दर्शन करने आई महिला श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को धन्यवाद देकर कहा कि उनके दर्शन सुलभता से पूर्ण हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की बाबा श्रीमहाकाल की कृपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश देश के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रगति कर समृद्धि की और अग्रसर है। इंदौर में आयोजित ग्रोथ समिट में प्राप्त निवेश से प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। युवाओं को स्कूल एवं कॉलेज में विश्व स्तरीय रोजगारमूलक पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जा रही है। युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जा रहे है।

प्रमोशन के माध्यम से प्रदेश के 5 लाख से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों में समान रूप से निवेश आकर्षित कर युवाओं को रोजगार के समान अवसर दिए जा रहे है।

# पुल, पुलियों, रपटों पर पानी होने पर बैरिकेडिंग तत्काल लगाए : कलेक्टर

## आमजन बारिश के दौरान नदी-नालों के पास जाने से बचें : कलेक्टर

शहडोल। विधायक श्री शरद कोल एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ब्यौहारी जनपद के ग्राम सूखा गाँव का दौरा कर बाढ़ प्रभावित परिवारों से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुना। बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने राहत और सहायता कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम सूखा में अति वर्षा के कारण श्री रामसुमिरन कुशवाह के परिवार के 7 सदस्य पानी से चारों ओर घिरने पर तत्काल रेस्कू कर सुरक्षित स्थान भिजवाया गया।

कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल, पुलियों, रपटों पर पानी होने पर बैरिकेडिंग तत्काल लगाई जाए तथा लोगों को पैदल या वाहन को पार न करने दे। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मेडिकल किट, ब्लीचिंग पाउडर, रस्सी,टार्च सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ले।

कलेक्टर ने लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि पुल-पुलियों के ऊपर से बहते पानी या सड़क के ऊपर से बहते पानी को क्रॉस ना करें और ना ही वाहन निकालने का प्रयास करें, नदी-नालों के पास जाने से बचें, बिजली गिरने की आशंका हो तो पेड़ के नीचे खड़े न हों, पुराने व कमजोर मकानों में न रहें, प्रशासन द्वारा जारी अलर्ट पर ध्यान दें व निर्देशों का पालन करें, किसी भी आपात स्थिति में आपदा नियंत्रण कक्ष या निकटतम प्रशासनिक अधिकारी को तुरंत सूचित करें।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण हेतु निकाली गई जागरूकता रैली

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल ब्यौहारी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य जागरूकता रैली निकाली गई।

# श्रमिकों की सेहत और जागरूकता के लिए श्री पहल शुरू

**सीधी।** श्रम तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल के निर्देशानुसार श्रम विभाग श्रमिकों की भलाई और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री ";तंउपा भ्मंसजीए त्मरनअमदंजपवदए म्कनबंजपवद ंदक म्दजमतचतपेम) नाम से नई पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत श्रमिकों के स्वास्थ्य, जागरूकता और जीवनशैली सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम प्रस्तावित किए गए हैं।

श्री के तहत मुख्य रूप से नशा न करने की पहल, दैनिक व्यायाम का महत्व और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए आहार नियंत्रण जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) तंत्र के साथ संबल योजना, श्रम कल्याण योजनाएं एवं निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड डेटाबेस का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इन विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से राज्य में बड़ी संख्या में श्रमिकों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाई जाएगी। श्री पहल के अंतर्गत अब प्रत्येक मंगलवार को कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के सभी औषधालयों और चिकित्सालयों में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस पहल के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा श्रमिकों को निवारक स्वास्थ्य संदेशों से अवगत भी कराया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रदेश के कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के 42 औषधालयों और 5 चिकित्सालयों में एक साथ स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में एक दिवसीय रोजगार मेला 15 जुलाई को

## मेले में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए भी दिया जायेगा मार्गदर्शन

**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ संदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन की मंशा अनुसार जिले के बेरोजगार शिक्षित युवक-युवतियों हेतु युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उदेश्य से एक संयुक्त रोजगार मेला युवा संगम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र सीधी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय (युवा संगम) रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई 2025 मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने बताया कि इस रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया बावत मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनिया 300 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन हेतु उपस्थित रहेगी। जिसमें लेखापाल, टीम लीडर, एचआर, सैल्स, बीपीओ, टेक्नीशियन (फिटर/इलेक्ट्रीशियन/ टर्नर/कोपा). पेकर/लोडर, मार्केटिंग आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो कि हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण एवं तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लायें।

## संपादकीय

# रूढ़िवादी लोग, कई मामलों में मानसिक रूप से जी रहे हैं दशकों पीछे

अंतरिक्ष में पांव रख चुके भारत में आज भी कई तरह की रूढ़ियां आम दिखती हैं, तो इसकी वजह यही है कि हम कई मामलों में मानसिक रूप से दशकों पीछे जी रहे हैं। अन्यथा एक प्रगतिशील समाज में और वह भी स्कूल जैसी जगह पर माहवारी की जांच के नाम पर स्कूली छात्राओं के कपड़े नहीं उतरवाए जाते। इससे अधिक अफसोसनाक बात क्या हो सकती है कि ठाणे जिले के जिस विद्यालय में पढ़ने वाली बच्चियों को भावनात्मक रूप से ठेस पहुंचाया गया, वहां प्रधानाचार्य खुद एक महिला हैं। परिसर में उनके रहते यह सब हुआ। विचित्र यह है कि शौचालय में फर्श पर खून के धब्बे होने की जानकारी के बाद जहां प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षिकाओं को बेहद संवेदनशील तरीके से पेश आने की जरूरत थी, वहां बच्चियों को न केवल स्कूल सभागार में बुलाया गया, बल्कि सार्वजनिक रूप से उनसे यह पूछा गया कि क्या उनमें से कोई मासिक धर्म चक्र से गुजर रही है। जिन छात्राओं ने इनकार किया, उनकी अभद्र तरीके से जांच की गई। निस्संदेह बच्चियों से यह व्यवहार अक्षम्य है, इसलिए महाराष्ट्र सरकार ने उचित कार्रवाई की और इस मामले में प्रधानाचार्य सहित एक महिला कर्मी को गिरफ्तार किया गया। पूरे मामले की जांच के आदेश भी दिए गए है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि महिलाओं के जिस प्राकृतिक चक्र या अवस्था को समझने-जानने और बच्चियों को उचित तरीके से शिक्षित करने की जरूरत है, वहां स्कूल जैसी जगह में भी उनके साथ ऐसा बर्ताव किया जाता है, जिससे इस अवस्था के प्रति कम उम्र की लड़कियों के भीतर नाहक आशंका पैदा होती है। ठाणे के स्कूल में माहवारी की जांच के नाम पर जिन बच्चियों के साथ अवांछित हरकत की गई, उनके मन-मस्तिष्क पर इसके असर का अंदाजा लगाया जा सकता है। पारंपरिक जड़ता के घेरे में घरों-परिवारों में महावारी के दौरान लड़कियों के प्रति कई तरह के दुराग्रह पहले ही मौजूद रहे हैं। जबकि यह सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। अफसोसनाक यह है कि जब किसी स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षिकाओं की समझ ही इस विषय पर पूर्वाग्रहों से भरी है, तो जड़ मानसिकता वाले समाज से क्या उम्मीद की जाएगी।

**बेशक, ऐसे बयानों पर अभी स्पष्टता आनी शेष है, लेकिन सीमा शुल्क में यदि इस तरह की बढ़ोतरी होती है, तो भारत पर भी इसका कुछ हद तक असर पड़ सकता है, खासकर दवा उद्योग पर। दरअसल, भारत का सबसे बड़ा दवा बाजार अमेरिका ही है। वित्त वर्ष 2025 में उसने 9.8 अरब डॉलर की दवाइयां मंगवाई थीं, जो पिछले साल के मुकाबले 21 फीसदी ज्यादा थी। भारत जितनी दवाइयां दूसरे देशों को बेचता है, उसका 40 फीसदी हिस्सा अमेरिकी बाजार को जाता है। इनमें भी जेनेरिक दवाइयों की मात्रा काफी ज्यादा 45 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में, सीमा शुल्क बढ़ाने से अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां महंगी हो सकती हैं, जिससे उनकी मांग भी प्रभावित होगी। रही बात तांबे की, तो साल 2024-25 में भारत ने वैश्विक स्तर पर दो अरब डॉलर मूल्य का तांबा और तांबे से बने उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें से 36 करोड़ डॉलर मूल्य का, यानी 17 फीसदी निर्यात अमेरिकी बाजारों को किया गया था। आंकड़ों की मानें, तो तांबा निर्यात के लिहाज से अमेरिका भारत का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। हमसे ज्यादा तांबा सऊदी अरब (26 प्रतिशत) और चीन (18 प्रतिशत) अमेरिका भेजते हैं।**

# टैरिफ से दुनिया में तनाव बढ़ाते ट्रंप

(हर्ष वी पंत)

भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते की खबरों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से टैरिफ (सीमा शुल्क) बढ़ाने की धमकी दी है। स्टील और एल्युमीनियम के बाद उन्होंने तांबे पर 50 फीसदी, साथ ही अगले साल से आयातित दवाओं पर 200 फीसदी तक शुल्क-वृद्धि की चेतावनी दी है।

बेशक, ऐसे बयानों पर अभी स्पष्टता आनी शेष है, लेकिन सीमा शुल्क में यदि इस तरह की बढ़ोतरी होती है, तो भारत पर भी इसका कुछ हद तक असर पड़ सकता है, खासकर दवा उद्योग पर। दरअसल, भारत का सबसे बड़ा दवा बाजार अमेरिका ही है। वित्त वर्ष 2025 में उसने 9.8 अरब डॉलर की दवाइयां मंगवाई थीं, जो पिछले साल के मुकाबले 21 फीसदी ज्यादा थी। भारत जितनी दवाइयां दूसरे देशों को बेचता है, उसका 40 फीसदी हिस्सा अमेरिकी बाजार को जाता है। इनमें भी जेनेरिक दवाइयों की मात्रा काफी ज्यादा 45 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में, सीमा शुल्क बढ़ाने से अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां महंगी हो सकती हैं, जिससे उनकी मांग भी प्रभावित होगी।




रही बात तांबे की, तो साल 2024-25 में भारत ने वैश्विक स्तर पर दो अरब डॉलर मूल्य का तांबा और तांबे से बने उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें से 36 करोड़ डॉलर मूल्य का, यानी 17 फीसदी निर्यात अमेरिकी बाजारों को किया गया था। आंकड़ों की मानें, तो तांबा निर्यात के लिहाज से अमेरिका भारत का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। हमसे ज्यादा तांबा सऊदी अरब (26 प्रतिशत) और चीन (18 प्रतिशत) अमेरिका भेजते हैं।

मगर अच्छी बात यह है कि तांबे की गिनती काफी महत्वपूर्ण खनिजों में होती है और इसका ऊर्जा, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे सहित तमाम क्षेत्रों में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। नए शुल्क के बाद यदि अमेरिकी बाजार में इसकी मांग घटती भी है, तो घरेलू उद्योग से उसकी भरपायी की जा सकेगी। लिहाजा, ट्रंप यदि अपनी धमकी को अमल में लाते हैं, तब भी हमें कुछ हद तक ही परेशानी होगी। मगर मूल सवाल तो यह है कि क्या वह ऐसा करेंगे?

दरअसल, ट्रंप अब तक टैरिफ को लेकर अपने बयान बार-बार बदलते रहे हैं। वह कभी नई टैरिफ का एलान करते हैं, तो अगले ही दिन उसे टाल देने की बात भी कहने लगते हैं। इससे लगता है कि वह दो कदम आगे बढ़ते हैं और एक कदम पीछे हट जाते हैं। उनकी उलझन वाजिब भी दिखती है। असल में, उन्होंने पद संभालने के साथ ही सख्त टैरिफ नीति लाने का एलान किया था। उनका मानना था कि ऐसा कहने से तमाम देश अमेरिका के साथ नया समझौता करने को बाध्य होंगे और वाशिंगटन को अपने व्यापार-घाटा से पार पाने में मदद मिलेगी। उस वक्त उन्होंने 90 दिनों में 90 समझौते करने की उम्मीद जताई थी।

मगर ऐसा हो नहीं सका। अब तक बमुश्किल दो-तीन समझौते ही वह कर सके हैं, वे भी पूरी तरह से लागू नहीं हो सके हैं। मसलन, ब्रिटेन व वियतनाम के साथ उन्होंने संधि का एलान किया, जबकि चीन के साथ सीमित प्रावधानों पर सहमति बन सकी है। जाहिर है, ट्रंप अपनी नीतियों पर मनमर्जी आगे नहीं बढ़ सके हैं। उनकी यह सोच साकार होती नजर नहीं आ रही कि सख्त टैरिफ नीति के जवाब में अन्य देश अमेरिका के आगे झुकने को मजबूर होंगे। अब तो उनके ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने भी दावा किया है कि ट्रंप का ध्यान मूलतः उन्हीं 18 देशों पर है, जो अमेरिका के 95 फीसदी व्यापार घाटा के कारक रहे हैं। जाहिर है, ट्रंप अपने वायदों से पीछे हटने को मजबूर हो रहे हैं। बाजार भी उनकी इस उलझन से गाफिल नहीं है।

जिन देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है, उनमें भारत भी एक अहम देश है। नई दिल्ली के साथ जल्द ही समझौते होने की उम्मीद है, लेकिन यह सीमित ही होगा, समग्र नहीं। मुमकिन है कि इसमें भारत की मंशा के अनुरूप कृषि और डेयरी उद्योग जैसे बड़े क्षेत्र शामिल नहीं किए जाएंगे। यह हमारे लिए आर्थिक रूप से भी मुफीद नहीं है और इससे देश में राजनीतिक भूचाल आ सकता है। हां, कपड़ा व फार्मास्यूटिकल्स जैसे मुद्दों पर भारत पीछे हट सकता है, जो आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि किसी भी समझौते में दोनों पक्षों के हितों को तवज्जो मिलती है। यही वजह है कि संभावित समझौते को 'मिनी ट्रेड डील' कहा जा रहा है।

बहरहाल, हमें इस तरह के समझौते पर जल्द से जल्द पहुंच जाना चाहिए। अगर अमेरिका के साथ बात नहीं बनती है, तो हमारी चिंताएं बढ़ सकती हैं। भारत नहीं चाहेगा कि हमारे दूसरे सबसे बड़े बाजार चीन पर हमारी निर्भरता और बढ़े। ऐसा इसलिए, क्योंकि चीन के साथ हमारे कूटनीतिक संबंध बहुत अच्छे नहीं रहे हैं। व्यापार में उस पर निर्भरता हमारे हितों के प्रतिकूल साबित हुई है। मगर दिक्कत यह है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को कच्चा माल चीन से ही मिलता है। यहां तक कि 'मेक इन इंडिया' को भी हम तभी आगे बढ़ा सकते हैं, जब संसाधनों की पूर्ति चीन से हो। गलवान घटना के बाद हमने बहुत कोशिश की, लेकिन अपने इस पड़ोसी देश पर से अपनी निर्भरता को कम नहीं कर सके हैं। ऐसे में, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता में यदि अड़ंगा लगता है, तो भारत की उलझन बढ़ सकती है।

एक तर्क यह भी दिया जाता है कि अमेरिका निर्यात किए जाने वाले उत्पादों को हमें अन्य देशों में भेजना चाहिए। कागज पर तो यह काम काफी सरल दिखता है, लेकिन व्यवहार में इसे अमल में लाना काफी मुश्किल है। अमेरिका इतना बड़ा बाजार है कि उसकी तुरंत भरपायी किसी दूसरे देश से नहीं की जा सकती। ऐसे में, हमारे घरेलू बाजार पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। अभी वैश्विक अर्थव्यवस्था भी चरमराई हुई है, लिहाजा उथल-पुथल जैसी स्थिति में अमेरिका जैसे भरोसेमंद बाजार को छोड़ तत्काल किसी अन्य देश का रुख करना अच्छी आर्थिक नीति नहीं मानी जाएगी, क्योंकि दूसरे बाजार भी अभी सुस्त पड़े हुए हैं। हालांकि, ऐसा नहीं है कि अमेरिका को हमारी जरूरत नहीं है। व्यापार समझौते में देरी की वजह ही यही है कि वह अपने हितों को तवज्जो देना चाहता है, जिस पर हमारी हुकूमत फिलहाल तैयार नहीं दिखती।( लेखक वाइस प्रेसिडेंट, ओआरएफ,ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लुटियंस दिल्ली में सरकारी बंगले का मोह नहीं जाता

**बाबा साहब आंबेडकर पहले नेता रहे, जिन्होंने मंत्री पद छोड़ने के अगले ही दिन लुटियंस दिल्ली का अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया था। बाबा साहब ने 27 सितंबर, 1951 को नेहरू मंत्रिमंडल से अप्रत्याशित रूप से त्यागपत्र दे दिया था। दोनों में हिंदू कोड बिल को लेकर गहरे मतभेद उभर आए थे। वह दिन में करीब चार बजे अपने 22, पृथ्वीराज रोड स्थित आवास लौटे। तब उन्होंने अपने साथी नानक चंद रत्तू को पास बुलाकर कहा कि वह चाहते हैं कि सरकारी आवास अगले दिन तक खाली कर दिया जाए। इस बीच, करोल बाग क्षेत्र से बाबा साहब के सैकड़ों समर्थक 22, पृथ्वीराज रोड पहुंचने लगे। करोल बाग से आने वालों की चाहत थी कि बाबा साहब करोल बाग शिफ्ट कर जाएं। पर अपने समर्थकों से सोच-विचार करने के बाद अगले ही दिन वह 26, अलीपुर रोड (अब राजपुर रोड) शिफ्ट कर गए और अपने जीवन के अंत तक उसी बंगले में रहे। काश! दूसरे नेता, अफसर और बड़े सरकारी पदों को संभाल रहे खास लोग उनसे कुछ सीख ले पाते।**

(विवेक शुक्ला)

एडविन लुटियंस जब 10 राजाजी मार्ग (पहले हेस्टिंग्स रोड) के बंगले में रहते हुए अपने साथियों के साथ नई दिल्ली की खासमखास इमारतों और बंगलों को डिजाइन कर रहे होंगे, तब उन्होंने ख्वाबों में भी नहीं सोचा होगा कि आने वाले समय में इनमें रहने वाला शख्स यहां बने रहने के लिए तमाम वजहें बताएगा। ताजा मामले में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अपने 5 कृष्ण मेनन मार्ग के बंगले को न छोड़ने के कारण गिनवा रहे थे। वह समय-सीमा खत्म होने के बाद भी उसमें जमे रहे।



इस लिहाज से बाबा साहब आंबेडकर पहले नेता रहे, जिन्होंने मंत्री पद छोड़ने के अगले ही दिन लुटियंस दिल्ली का अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया था। बाबा साहब ने 27 सितंबर, 1951 को नेहरू मंत्रिमंडल से अप्रत्याशित रूप से त्यागपत्र दे दिया था। दोनों में हिंदू कोड बिल को लेकर गहरे मतभेद उभर आए थे। वह दिन में करीब चार बजे अपने 22, पृथ्वीराज रोड स्थित आवास लौटे। तब उन्होंने अपने साथी नानक चंद रत्तू को पास बुलाकर कहा कि वह चाहते हैं कि सरकारी आवास अगले दिन तक खाली कर दिया जाए। इस बीच, करोल बाग क्षेत्र से बाबा साहब के सैकड़ों समर्थक 22, पृथ्वीराज रोड पहुंचने लगे। करोल बाग से आने वालों की चाहत थी कि बाबा साहब करोल बाग शिफ्ट कर जाएं। पर अपने समर्थकों से सोच-विचार करने के बाद अगले ही दिन वह 26, अलीपुर रोड (अब राजपुर रोड) शिफ्ट कर गए और अपने जीवन के अंत तक उसी बंगले में रहे। काश ! दूसरे नेता, अफसर और बड़े सरकारी पदों को संभाल रहे खास लोग उनसे कुछ सीख ले पाते।

दरअसल, लुटियंस दिल्ली के बंगले को छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर रहना आसान नहीं होता। बेहद खूबसूरत और सुविधा-संपन्न है लुटियंस जोन। गर्मियों में जब सूरज देवता दिल्ली में आग उगलते हैं, तब भी यहां के 26 वर्ग किलोमीटर में फैले हरे-भरे क्षेत्र में मीठी बयार ही बहती है। इधर की हर सड़क के दोनों तरफ लगे घने दरख्तों की भारी-भरकम टहनियां सड़क के एक बड़े भाग को अपनी आगोश में लिए रहती हैं। इनकी मीठी बयार गर्मी में भी खुशनुमा एहसास देती हैं। लुटियंस दिल्ली में मुख्य रूप से इमली, अमलतास, जामुन, बरगद वगैरह के पेड़ लगे हैं। पर शायद सबसे ज्यादा जामुन है। सफदरजंग रोड, सुनहरी बाग, राजाजी मार्ग, कुशक रोड, त्यागराज मार्ग, मोतीलाल नेहरू मार्ग में जामुन हैं। अकबर रोड और तीन मूर्ति मार्ग पर इमली के पेड़ हैं। अकबर रोड के पीछे कुछ अमलतास भी हैं। पृथ्वीराज रोड, औरंगजेब रोड, तीस जनवरी मार्ग, कृष्ण मेनन मार्ग पर नीम हैं, तो बाबा खड़क सिंह मार्ग, तिलक मार्ग, फिरोजशाह रोड, तीन मूर्ति मार्ग इमली के पेड़ों से लबरेज है। यहां बड़े-बड़े बंगलों, हरी-भरी सड़कों के बीच देश के सबसे शक्तिशाली नेता, सांसद, मंत्री, सरकारी बाबू और जज रहते हैं।

लुटियंस दिल्ली का इतिहास और उसकी बनावट इसे खास बनाती है। यह पूरा इलाका ब्रिटिश काल में बनाया गया था। मशहूर आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस ने इसे रॉबर्ट टोर रसेल, वाल्टर जॉर्ज जैसे अपने साथियों के साथ मिलकर डिजाइन किया था। इसका ले-आउट इतना शानदार है कि आज भी यह दुनिया के सबसे खूबसूरत और सुनियोजित इलाकों में गिना जाता है। यहां की चौड़ी सड़कें, बड़े-बड़े बंगले और हरियाली देखकर कोई भी मंत्रमुग्ध हो जाए। लुटियंस दिल्ली में रहना स्टेटस सिंबल है।

यहां की सुविधाओं के क्या कहने? लुटियंस दिल्ली के बंगले सरकारी खर्च पर 'मेंटेन' किए जाते हैं। बिजली, पानी, बागवानी और सुरक्षा-सब कुछ सरकार की तरफ से होता है। इसीलिए, एक बार यहां रहने आए लोग आसानी से बंगला छोड़ने को तैयार नहीं होते। लुटियंस दिल्ली में देश के चोटी के उद्योगपतियों के भी आशियाने हैं। इनकी कीमत 300 करोड़ रुपये से कम नहीं होगी। इस इलाके में करीब 250 निजी बंगले भी हैं। ये पृथ्वीराज रोड, एपीजी अब्दुल कलाम रोड, तुगलक रोड, तुगलक लेन वगैरह में हैं। बहरहाल, कभी-कभी तो उन खासमखास लोगों से 'सहानुभूति' होती है, जिन्हें इधर रहने के बाद कहीं और जाना पड़ता है। सच में, बड़ी तकलीफ होती होगी अर्श से फर्श पर आते हुए। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं,(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5791

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| 9 | | ■ | 10 | | | ■ | ■ |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | 13 |
| 14 | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | |
| | ■ | ■ | ■ | 19 | | | ■ |
| ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1919 को इस देश ने खुद को ब्रिटेन से आजाद घोषित किया (6)
7. घर्षण करना, रगड़ना, धीरे-धीरे घिसना (3)
8. वर देने वाला, वर दायक (4)
9. सर्वसाधारण, जनता (2)
10. प्रकार, जेवर, गहना (3)
11. अंधेरा, अंधकार, कालिख, कालिमा (2)
12. प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन इस नाम से भी जाने जाते थे, पांचवा (3)
14. पश्चिमी अफ्रिका के घाना देश की राजधानी (3)
16. संगी, मित्र, सखा, दोस्त (2)
17. गले से नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
18. सार, जगत का मूल कारण, एलिमेंट (2)
19. अप्राप्त, जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ, मुश्किल (3)
20. हलफ, सौगंध, कसम (3)
21. मुनाफा, फायदा, हित, मिलना, प्राप्ति (2)

**ऊपर से नीचे**

1. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
2. परिणाम उत्पन्न करना, फलना (3)
3. गीत प्रस्तुत करना, स्तुति करना (2)
4. स्तुति करने वाला, स्तुति वादक (3)
5. नरम दिल का व्यक्ति (5)
6. आय-व्यय एवं लेन-देन आदि का लेखा, अनाज रखने का गड्डा (2)
10. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद, एक प्रकार की विलायती मदिरा (2)
11. गीत, नगमा (3)
13. बड़े होने का भाव, गुरूता, अधिक परिणाम जनक (3)
15. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
16. वाराणसी के समीप (करीब 6 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित बौद्धों का एक तीर्थस्थल, सारंगनाथ)(4)
18. जाकिर हुसैन नाम इस वाद्य के साथ जड़ा है (3)

### वर्ग पहेली 5790 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ग | री | ■ | पा | र | स | ■ |
| स | म | ता | पा | र्टी | ■ | वा | दा |
| ■ | ■ | फा | ल | ■ | ज | ल | द |
| न | ■ | रि | ■ | रा | ह | ज | नी |
| फ | रि | या | द | ■ | र | वा | ■ |
| र | त | ■ | रि | द | ■ | ब | ल |
| त | ना | व | दा | र | ■ | ■ | गा |
| ■ | ■ | ह | ■ | मा | ल | दी | व |

# भगवान शिव और मां पार्वती के संवाद की साक्षी है अमरनाथ गुफा, जानिए इसका महत्व

(अनन्या मिश्रा)

हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं।

अमरनाथ यात्रा का नाम सुनते ही हमारे मन में बर्फ के बीच स्थित भगवान शिव की पवित्र गुफा उभर आती है। वहीं इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस यात्रा पर जाते हैं, उनकी हर मुराद पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। अमरनाथ यात्रा की यह गुफा जम्मू-कश्मीर के हिमालय में करीब 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद हैं।

बता दें कि हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं। बताया जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। तब यही गुफा भगवान शिव और मां पार्वती की संवाद की साक्षी बनी थी। इसलिए इस स्थान को अमरनाथ कहा जाता है। भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग जीवन में एक बार इस यात्रा को जरूर करना चाहते हैं, जिससे उनके पाप मिट जाएं और मोक्ष मिल सके।

इतिहास

अमरनाथ गुफा की खोज को लेकर कई मत हैं। इतिहास के मुताबिक 1850 में बूटा मलिक नामक गड़रिए ने इस गुफा की खोज की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब कश्मीर घाटी पानी में डूब गई थी और झील बन गई थी। तब ऋषि कश्यप ने प्राणियों की रक्षा के लिए इस जल को कई नदियों और छोटे-छोटे जल स्त्रोतों से आगे प्रवाहित करने का काम किया। इस दौरान ऋषि भृगु हिमालय यात्रा पर थे, इस दौरान उनको अमरनाथ गुफा और शिवलिंग दिखाई दिया। तब से ही अमरनाथ में भगवान शिव की पूजा की जाने लगी।

महत्व

धार्मिक पुराणों के मुताबिक अमरनाथ गुफा वह जगह है, जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। अमर कथा सुनने के बाद भी जो जीव जीवित रह जाता है, वह अमर हो जाता है। इसलिए भगवान शिव ने यहां आकर सब कुछ त्याग दिया था और फिर मां पार्वती को कथा सुनाई थी। बताया जाता है कि भगवान शिव ने अपना वाहन नंदी, नागों और गणों को भी दूर भेज दिया। जिससे कोई इस रहस्य को सुन न सके। लेकिन इस दौरान कबूतर के एक जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और तभी से माना जाता है कि वह आज भी अमर हैं। इस कथा के कारण इस गुफा को अमरनाथ गुफा कहा जाता है।

अमरनाथ यात्रा की इतिहास

बता दें कि इस साल अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 03 जुलाई से हो रही है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। वहीं देशभर से हजारों की संख्या में भक्त इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि यात्रा निर्बाध रूप से

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन कार्यक्षेत्र में अच्छा है। आपकी लीडरशिप स्किल्स की तारीफ होगी और इससे आपको प्रमोशन मिल सकता है। नए प्रॉजेक्ट शुरू करने के लिए यह अच्छा समय है। टीम में अगर कोई मतभेद है, तो उसे कूटनीति से सुलझाएं।

### वृष

आज जातकों के लिए बिजनस में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन कॉम्पिटिशन से निपटने के लिए कुछ नया करना होगा। नौकरी करने वालों को अपने बॉस के साथ मीटिंग में सावधानी से बात करनी चाहिए। आपकी एक गलती आपकी इमेज खराब कर सकती है।

### तुला

आज बिजनस में पार्टनर के साथ रिश्ते अच्छे होंगे और इससे आपको बड़ा लाभ होगा। अगर आप करियर में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो प्लानिंग करने के लिए अच्छा दिन है। डिजिटल क्षेत्र, मार्केटिंग या कला से जुड़े लोगों को नए प्रॉजेक्ट मिल सकते हैं।

### वृश्चिक

आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी, आपके बॉस आपकी तारीफ करेंगे। व्यापारियों के लिए मार्केटिंग में नए आइडिया सफलता दिला सकते हैं। पैसों के मामले में दिन अच्छा है, आपका अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

### मिथुन

आज जातकों को कार्यक्षेत्र में तनाव हो सकता है, लेकिन आप अपनी बातचीत करने की कला से स्थिति को संभाल लेंगे। बिजनस में किसी बड़े सौदे में रुकावट आ सकती है, लेकिन आपको धैर्य रखना होगा।

### कर्क

आज दिन तरक्की के संकेत दे रहा है। ऑफिस में आपके सुझावों को महत्व दिया जाएगा। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, व्यापारियों को अपने पुराने क्लाइंट्स से रिवॉर्ड मिल सकते हैं।

### धनु

आज दिन मिला-जुला रहेगा। ऑफिस में काम का बोझ ज्यादा रहेगा, लेकिन आपके काम से आपके सीनियर खुश रहेंगे और बिजनस में आपको नया निवेश करने से बड़ा लाभ हो सकता है।

### मकर

आज कार्यक्षेत्र में योजना बनाकर काम करने से बड़ी सफलता मिलेगी। तकनीकी क्षेत्र या मैनेजमेंट में काम करने वाले लोगों को एक्स्ट्रा फायदा मिलेगा। आपको व्यापारियों के लिए ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और कमाई में सुधार होगा।

### सिंह

आज करियर में कोई बड़ा मौका आ सकता है और यह अवसर आने वाले समय में आपके भविष्य की दिशा तय करेगा। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वालों को एक्स्ट्रा प्रॉजेक्ट मिल सकता है। इससे उनकी इनकम बढ़ेगी और जीवन में बड़ी सफलता हासिल करेंगे।

### कन्या

आज ऑफिस में आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपके सीनियर आपकी तारीफ करेंगे। टीमवर्क से मुश्किल प्रॉजेक्ट भी आसान हो सकते हैं। बिजनस करने वाले लोग पार्टनरशिप में लाभ की उम्मीद कर सकते हैं और आपके लिए लाभ और तरक?की के योग हैं।

### कुंभ

आज करियर में बड़ी सफलता मिलने की उम्?मीद है। कोई जरूरी मीटिंग या इंटरव्यू से आपको बड़ा लाभ होने की उम्?मीद है। ऑफिस में पुराने प्रॉजेक्ट को दोबारा शुरू करने का मौका मिलेगा और ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी।

### मीन

आज बिजनस में कोई सौदेबाजी में सफलता मिलेगी। इससे आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को बॉस की सलाह फायदेमंद रहेगी। करियर में आपको किसी गुरु या मेंटर का मार्गदर्शन मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फोटो खिंचवाते समय पत्नी ने पति को दिया धक्का, कृष्णा नदी से लोगों ने निकाला

**गुरजापुर बैराज , एजेंसी।** कर्नाटक में कृष्णा नदी में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि फोटो खिंचवाने के दौरान उसकी पत्नी ने उसे नदी में धक्का दे दिया। यह घटना कर्नाटक के रायचूर जिले में गुरजापुर पुल औरबैराज के पास हुई। वह कृष्णा नदी के बीच फंसा हुआ जोर-जोर से चिल्ला रहा था बचाओ भाई! पकड़ो उसे! किसी को बुलाओ! प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो उसकी पत्नी ने फोटो खींचते समय नदी में धक्का दिया था। यह घटना गुरजापुर बैराज के पास हुई, जहां पति-पत्नी फोटो लेने के लिए रुके थे। नदी के किनारे चट्टानों पर खड़े होकर वे फोटो खींच रहे थे कि तभी व्यक्ति नदी में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने उसकी चीखें सुनकर तत्काल मदद की। एक वायरल वीडियो में महिला कहती है, मैंने उसे नहीं धक्का दिया। हम फोटो खींच रहे थे, वो खुद फिसल गया। वह नदी के बीच एक चट्टान पर खड़ा बचाव के लिए चिल्ला रहा था। कुछ स्थानीय लोग, बोलेरो वाहन चालक और बैराज कर्मचारी रस्सी के सहारे व्यक्ति को बाहर निकालने में सफल हुए। ड्रामा के बाद दंपती को एक साथ अपनी बाइक पर घटनास्थल से जाते हुए देखा गया। इसने लोगों के बीच और भी सवाल खड़े कर दिए। व्यक्ति रायचूर के शक्तिनगर का निवासी बताया गया है, जबकि महिला यादगीर के वडगेरे तालुका की रहने वाली है। अब तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि अगर पीड़ित या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो वे जांच शुरू करेंगे। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कुछ लोग इसे दुर्घटना मान रहे हैं, तो कुछ इसे सुनियोजित साजिश बता रहे हैं। कई लोगों ने यह सवाल उठाया है कि यदि महिला निर्दोष थी, तो पति पकड़ो उसे! क्यों चिल्ला रहा था?

### सत्संग में जा रहे पंजाब के श्रद्धालुओं का वाहन शिमला में नदी में गिरा; दो लोगों की मौत, एक बच्चा लापता

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के चौपाल उपमंडल में शनिवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा फेडजपुल मुख्य मार्ग पर टंडोरी और बथाल के बीच पंजाब के नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 80 से 100 मीटर नीचे सालवी नदी में जा गिरी। जिससे उसने सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा गाड़ी में सवार 8 से 10 साल का एक बच्चा नदी में बह गया, जिसकी तलाश देर शाम तक पुलिस और स्थानीय लोग करते रहे, हालांकि अंधेरा और नदी के तेज बहाव के कारण उसका कुछ पता नहीं चल सका था। गाड़ी में सवार लोग पंजाब के नवांशहर के रहने वाले थे और सत्संग में भाग लेने आ रहे थे। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान कुमार सुची और गुरमेल लाल के रूप में हुई है। घायल होने वालों में बलविंदर (उम्र करीब 35 वर्ष) पत्नी हरबंस लाल, और केशव कुमार (उम्र करीब 32 वर्ष) पुत्र नरेन्द्र कुमार शामिल हैं। घायलों का उपचार नेरवा अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद नेरवा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुटे रहे। अंधेरा होने और नदी का जल स्तर बढ़ने की वजह से बचाव अभियान में दिक्कतें आ रही हैं। हादसे के बाद नदी में गिरी कार आधी डूबी हुई थी। चौपाल उपमंडल के डीएसपी सुशांत शर्मा ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो चुकी है और एक बच्चा नदी में बहने की वजह से लापता है। उसकी तलाश में टीमें जुटी हुई हैं। बता दें कि हिमाचल में मॉनसून सीजन जो 20 जून से शुरू हुआ है, लगातार आफत बरपा रहा है। अब तक विभिन्न वर्षा जनित हादसों में 95 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 39 मौतें सड़क हादसों में हुई हैं। बरसात के कारण सड़कों पर फिसलन और पहाड़ी रास्तों की खतरनाक हालत के चलते प्रशासन ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है, खासकर नदी-नालों और पहाड़ी इलाकों में सफर के दौरान। मौसम विभाग ने आगामी 18 जुलाई तक राज्य में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा; 4 की मौत, आधा दर्जन घायल

**कोटा , एजेंसी।** राजस्थान के कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सीडेंट में दो वाहनों के बीच जोरदार टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। वही हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा जिले के बूढ़ादीत थाना इलाके में चम्बल नदी पर हुआ है। बूढ़ादीत थाना अधिकारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि मरने वाले लोग करौली के निवासी थे। वह लोग अपने रिश्तेदारों के साथ गोद भराई के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के इंदौर गए थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी लोग इंदौर से वापस दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के रास्ते करौली लौट रहे थे। तभी बूढ़ादीत के पास चंबल नदी पर अज्ञात वाहन ने टेंपो ट्रैक्स को टक्कर मार दी। हादसा के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हुई है जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं दो वाहनों में हुई जोरदार टक्कर के बाद टेंपो ट्रैक्स वाहन पीछे से अन्य वाहन से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि हादसे में सुरेश सोनी, गीता सोनी और अनिल की मौके पर मौत हो गई। जबकि बृजेश को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हादसे के दौरान गाड़ी में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। वहीं सभी घायलों को पहले बूंदी जिले के दहीखेड़ा अस्पताल ले जाया गया। यहां से उन्हें कोटा एमबीएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर सभी का उपचार जारी है हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है।

# यूपी में एनडीए सहयोगी दलों ने तेज की आरक्षण की मांग, चुनाव से पहले कहीं खेला ना हो जाए!



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव अभी कुछ समय दूर है, लेकिन एनडीए के सहयोगी दलों ने अपनी सियासी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। इसके लिए आरक्षण से जुड़े मुद्दे को जोरशोर से उछाला जा रहा है। निषाद पार्टी के नेता और मंत्री संजय निषाद ने कहा कि निषाद समुदाय को अनुसूचित जाति (स्ट) आरक्षण सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने से गठबंधन की 2027 की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंच सकता है। संजय निषाद ने कहा, जब राम मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे बड़े मुद्दों का समाधान हो चुका है, तो निषादों को एससी का दर्जा देना कोई मुश्किल काम नहीं होना चाहिए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता और मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी अन्य पिछड़ा वर्ग में उप-वर्गीकरण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश में लागू करने की मांग की है। राजभर ने इकोनॉमिक टाइम्स से कहा, कुछ ही जातियां 27त ओबीसी कोटे का पूरा लाभ ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट से कोटे के भीतर कोटा की इजाजत मिल चुकी है। हरियाणा ने इसे लागू भी कर दिया है तो यूपी में क्यों नहीं? राजभर ने यह मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने उठाया है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की योजना बना रहे हैं।

#### मऊ सदर विधानसभा सीट पर होगी अग्निपरीक्षा

इसके अलावा, ओम प्रकाश राजभर की नजर अब मऊ सदर विधानसभा सीट पर है, जो उनके पार्टी विधायक अब्बास अंसारी की सजा के बाद खाली हो गई है। चर्चा है कि वे इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतारना चाहते हैं। सुभासपा चीफ ने कहा, मुस्लिमों के बाद राजभर मऊ सदर में सबसे बड़ा समूह हैं, करीब 80 हजार। हम इस सीट पर चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, अपना दल के आशीष पटेल ने भी हाल ही में राज्य सरकार के साथ कुछ मुद्दे उठाए हैं, जो गठबंधन के भीतर तनाव के संकेत दे रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि तनाव किस हद तक आगे जाता है।



## तमिलनाडु में डीजल ले जा रही मालगाड़ी में लगी भीषण आग

**तिरुवल्लूर , एजेंसी।** तमिलनाडु में तिरुवल्लूर के निकट डीजल ले जा रही मालगाड़ी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग पहले मालगाड़ी के एक डिब्बे में लगी और फिर तेजी से दूसरे डिब्बों में फैल गई। आग की तेज लपटें काफी ऊपर तक उठती नजर आई, जिसका वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे अधिकारी ने कहा कि सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेज दिया गया। रेल सेवाओं के लिए ओवरहेड विद्युत आपूर्ति रोक दी गई। दक्षिणी रेलवे ने एक बयान में कहा, एहतियाती उपाय के तौर पर लोकल ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा 8 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और 5 अन्य ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए हैं। 8 ट्रेनों को उनके गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है।' सीनियर अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है। हालांकि, इसकी जांच की जा रही है। वहीं, नवी मुंबई के तुर्भे सेक्टर 20 में कृषि उपज बाजार समिति बाजार से सटे ट्रक पार्किंग स्थल में बीते दिनों भीषण आग लग गई थी।

## भाजपा-आरएसएस का मुखपत्र बन गई सीबीआई, हिरासत में मौत पर विजय की पार्टी का हल्लाबोल

**कझगम , एजेंसी।** तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख और अभिनेता विजय की उपस्थिति में रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हिरासत में मौत के शिकार अजीत कुमार के लिए न्याय की मांग को लेकर आवाज उठाई। टीवीके कार्यकर्ता बड़ी संख्या में चेन्नई में एकत्र हुए और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान वे जमकर नारेबाजी करते नजर आए। अजीत कुमार एक गरीब परिवार से थे, जिनकी हिरासत में मृत्यु ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है।



टीवीके चीफ विजय ने कहा, मुख्यमंत्री ने माफी मांगी, यह गलत नहीं है। लेकिन, आपके शासन में हिरासत में मरे 24 अन्य पीड़ितों के परिवारों से भी माफी मांगनी चाहिए। क्या उन परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई? सथानकुलम हिरासत यातना मामले को सीबीआई को सौंपने पर आपने इसे तमिलनाडु पुलिस के लिए शर्मनाक बताया था। अब वही सीबीआई बीजेपी और आरएसएस का मुखपत्र बन गई है। आप केंद्र सरकार के पीछे क्यों छिप रहे हैं? टीवीके ने मांग की है कि अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल गठित किया जाए।

#### सीबीआई कर रही मामले की जांच

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने तमिलनाडु के मदापुरम मंदिर के चौकीदार अजीत कुमार की हिरासत में मौत के सिलसिले में शिवगंगा जिले के पुलिसकर्मियों के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया। इससे पहले राज्य सरकार ने अजित की हिरासत में मौत के संबंध में दर्ज केस की जांच शिवगंगा जिले के थिरुप्पुवनम पुलिस स्टेशन से सीबीआई को भेज दी थी। सीबीआई ने कहा कि उसने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103 के तहत मामला दर्ज किया है और जांच अपने हाथ में ले ली है। इस साल 29 जून को आभूषण चोरी के मामले में पूछताछ के लिए पुलिस अजीत को लेकर गई थी। पुलिस की ओर से अजित को प्रताड़ित करने के तरीके को लेकर हंगामा खड़ा हो गया था। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने भी स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस पर अजीत के साथ आतंकवादी जैसे व्यवहार करने पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने अजित के शरीर पर बाहरी चोटों का हवाला देते हुए उसे दी गई यातना की भयावहता का खुलासा किया।

### क्या सितंबर से 500 के नोट एटीएम से निकलने बंद हो जाएंगे?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक मैसेज तेजी से वायरल रहा है, जिसमें दावा किया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सितंबर 2025 तक एटीएम से 500 रुपये के नोटों का वितरण बंद करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर इंटरनेट पर हड़कंप मच गया। लोग सवाल करने लगे कि क्या सच में ऐसा होने वाला है? फैक्ट चेक में सामने आया कि यह दावा पूरी तरह से गलत है। आरबीआई ने ऐसा कोई नोटिस या निर्देश जारी नहीं किया है। यह मैसेज भ्रामक है और लोगों में भ्रम फैलाने के लिए भेजा जा रहा है। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर भरोसा करें। 500 रुपये के नोट लीगल टेंडर के रूप में पूरी तरह से मान्य हैं और इनका उपयोग लेनदेन में किया जा सकता है। आरबीआई ने साफ कर दिया कि इन नोटों की वैधता पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। बैंकों और एटीएम में 500 रुपये के नोटों का वितरण सामान्य रूप से जारी रहेगा। लोगों को ऐसी भ्रामक खबरों से सावधान रहना चाहिए, जो अनावश्यक रूप से घबराहट पैदा कर सकती हैं।

## जम्मू-कश्मीर में शहीदों के कब्रिस्तान की तरफ जाने वाली सड़कें सील, एनसी के नेता नजरबंद




**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने दावा किया कि उसके कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है। एनसी ने श्रीनगर के जिलाधिकारी से 13 जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की इजाजत देने का अनुरोध किया था। हालांकि, जिला प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। श्रीनगर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सार्वजनिक परामर्श जारी कर कहा, 'श्रीनगर जिला प्रशासन ने 13 जुलाई 2025 को ख्वाजा बाजार, नौहट्टा की ओर जाने का अनुरोध करने वालों को इजाजत देने से इनकार कर दिया है।' पुलिस ने कहा कि आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे इन निर्देशों का सख्ती से पालन करें और जिला प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन करने से बचें। पुलिस ने आगाह किया कि इन आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने पर कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### एनसी नेता का क्या है तर्क

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अनुमति न दिए जाने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि 13 जुलाई कोई आम तारीख नहीं है। सादिक ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'यह सम्मान, न्याय और अधिकारों को हासिल करने के लिए दिए गए बलिदानों की याद दिलाता है।' सादिक ने कहा कि कश्मीर के लोग दृढ़ संकल्प के साथ अपने शहीदों का सम्मान करते रहेंगे। अगस्त 2019 में तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किए जाने से पहले 13 जुलाई को जम्मू और कश्मीर में सार्वजनिक अवकाश होता था। तत्कालीन डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह की सेना की ओर से शहीद किए गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के वास्ते प्रतिवर्ष राजकीय समारोह आयोजित किया जाता था। हालांकि, प्रशासन ने 2020 में इस दिन को राजपत्रित छुट्टियों की सूची से हटा दिया। इस दिन यहां के नेता भी शहीदों की कब्र पर जाकर उन कश्मीरियों को श्रद्धांजलि देते थे, जो महाराजा के शासन का विरोध करते हुए डोगरा सेना की गोलियों का शिकार हुए थे। इस बीच, सादिक ने एक्स पर किए एक अन्य पोस्ट में दावा किया कि पार्टी के कई नेताओं को नजरबंद किया गया है। उन्होंने कहा, 'कल रात से मुझे और पार्टी के मेरे कई सहयोगियों को नजरबंद किया गया है।

# कौन बनेगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष? आरएसएस से आ गया मैसेज, गुण भी गिनाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए तैयारी कर रही है। कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों में इसकी घोषणा बाकी है। इस सबके बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि भगवा पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसा होगा। आपको बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत से चूकने के बाद भाजपा एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। सत्ता में तो है पर पहले जैसा अजेय दबदबा नहीं है। अब जब पार्टी गठबंधन सरकार चला रही है, तो आरएसएस का हस्तक्षेप अधिक स्पष्ट और मुखर हो गया है। इंडिया टुडे ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की हालिया टिप्पणियों को भाजपा के लिए मैसेज के तौर पर देखा जा रहा है। संघ प्रमुख ने सत्ता में बढ़ती अहंकार की भावना और संवादहीनता की आलोचना की तो इसे सीधे तौर पर भाजपा नेतृत्व के व्यक्तित्व केंद्रित मॉडल पर कटाक्ष



माना जाने लगा है।

#### 28 प्रदेश अध्यक्ष बदले गए

भाजपा ने अब तक 36 में से 28 राज्यों में नए या फिर से नियुक्त अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। बाकी महत्वपूर्ण राज्य जैसे कि उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा और गुजरात की घोषणा बाकी है। इस जमीनी पुनर्गठन से पार्टी एक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के लिए मंच तैयार कर रही है।

#### क्या चाहता है संघ?

>> आरएसएस एक ऐसा अध्यक्ष चाहता है जो अपेक्षाकृत युवा हो। जो संगठन के साथ जुड़ा हो। वह केवल रणनीतिकार न हो, बल्कि वैचारिक मार्गदर्शक भी हो।

>> आरएसएस व्यक्तिगत प्रभुत्व नहीं बल्कि संगठन आधारित नेतृत्व की चाह रखता है। भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कैडर से संवाद, फीडबैक को स्वीकार करने वाला और अंदरूनी लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने वाला नेता हो।

>> पार्टी में बढ़ते टेक्नोक्रेट्स और राजनीतिक प्रवासियों की भूमिका पर आरएसएस ने चिंता जताई है। संघ का कहना है कि भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष तकनीक नहीं, तपष्या से बना नेता हो।

>> भाजपा का नया अध्यक्ष उन लोगों से जुड़ा हो जो शाखा, प्रांत प्रचारक और बूथ स्तर पर काम कर रहे हैं। उसकी वैचारिक स्पष्टता को भी ध्यान में रखा जाए। समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नीति, सांस्कृतिक राष्ट्वाद और शिक्षा सुधार जैसे मुद्दों पर उसके विचार स्पष्ट हों।

## पति को था बेवफाई का शक, ऐक्टर पत्नी पर डाला पेपर स्प्रे; फिर चाकू से गोद डाला

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु में एक कन्नड़ टीवी ऐक्टर और ऐंकर के पति ने उसे चाकू से गोद डाला। जानकारी के मुताबिक ऐक्टर मंजुला श्रुति के पति को उनपर विवाहेतर संबंधों का शक था। श्रुति अपने पति के साथ हनुमंतनगर थाने के मुनेश्वरा इलाके में रहती थीं। श्रुति ने अमृतधारा नाम के सीरियल से अपनी पहचान बनाई है। श्रुति की शादी 20 साल पहले अमरेश से हुई थी। दोनों ने लव मैरेज की थी। दंपती के दो बच्चे भी हैं। हनुमंतनगर में वे किराए के मकान में रहते थे। बीते कुछ दिनों से पति-पत्नी की अनबन ही रहती थी। उनमें झगड़ा हुआ करता था।

तीन महीने पहले श्रुति अपने भाई के पास रहने चली गई। एक घर को लेकर भी उन दोनों में विवाद हुआ था। श्रुति ने हनुमंतनगर थाने में पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। तीन महीने के बाद बीते गुरुवार श्रुति अपने पति के घर गई रिपोर्ट के मुताबिक घटना 4 जुलाई की है। । दोनों बच्चे जब कॉलेज चले गए तो अमरेश ने कथित तौर पर श्रुति पर हमला किया आरोप है कि अमरेश ने पहले पेपर स्प्रे का प्रयोग किया और इसके बाद चाकू से हमला किया। उसने श्रुति के सीने, जांघ और गर्दन पर वार किए। इसके अलावा अमरेश ने श्रुति का सिर दीवार से टकरा दिया। विक्टोरिया अस्पताल में श्रुति का इलाज चल रहा है। हनुमंतनगर थाने में आरोपी पति के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। पुलि ने यह भी कन्फर्म किया है कि पहले भी दोनों के बीच घरेलू हिंसा को लेकर विवाद हुआ था और हनुमंतनगर थाने में ही दो केस दर्ज किए गए थे। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# सावधान! खूब बरसने वाले हैं बदरा, कश्मीर से केरल तक अलर्ट



**नईदिल्ली , एजेंसी।** देश में मॉनसून का दौर जारी है। हरियाणा और मध्य प्रदेश में निचले व मध्यम क्षोभमंडल स्तरों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। इसके अलावा, उत्तर हरियाणा से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक ट्रफ मौजूद है। इसके चलते विभिन्न हिस्सों में अगले 7 दिनों तक हल्की से मध्यम बरसात, गरज और बिजली के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 13 से 19 जुलाई के बीच भारी बारिश होगी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा में भी भारी बारिश का अनुमान है। पश्चिम भारत में गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में 13 से 16 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना है। गुजरात में 13 और 14 जुलाई को बहुत भारी बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 13 से 19 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और तमिलनाडु में 13 से 18 जुलाई के बीच भारी बरसात होगी। साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। अगले पांच से सात दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज और बिजली की स्थिति बनी रहेगी।

#### दिल्ली में आज भी बरसेंगे बदरा

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बादल छाए रहे और बारिश हुई। इसके कारण विभिन्न क्षेत्रों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, रविवार को गरज के साथ बारिश हो सकती है। शहर के ग्रीन जोन में रहने की उम्मीद है, जो दर्शाता है कि कोई मौसम चेतावनी नहीं है। आईएमडी ने शुरुआत में शनिवार को दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था। हालांकि, जैसे-जैसे मौसम की स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया। आईएमडी की रंग आधारित चेतावनी प्रणाली के अनुसार, कुछ क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसका अर्थ है तैयार रहें।

**हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें बंद :** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से सर्वाधिक प्रभावित हुई है। भारी बारिश के कारण मंडी से धर्मपुर के बीच राष्टीय राजमार्ग- तीन (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। मंडी के पंडोह बांध के पास कैची मोड़ पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन होने से चंडीगढ़-मनाली राष्टीय राजमार्ग के मंडी-कुल्लू खंड को करीब 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा। इसके बाद वाहनों को कटौला-कामांद वैकल्पिक मार्ग से भेजा गया। स्थानीय मौसम विभाग ने 4 से 10 जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर 18 जुलाई तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 56 और सड़क हादसों में 36 लोगों की मौत हुई है।

### जयपुर में छेड़छाड़ की घटना के बाद बवाल, दो पक्षों में जमकर चले पत्थर

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में शनिवार शाम को कथित तौर पर छेड़छाड़ की घटना को लेकर भारी बवाल हो गया। इस दौरान दो समुदायों के बीच जमकर पथराव हुआ। इस हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है और स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील रामगंज के बाबू का टीका इलाके में शनिवार शाम छेड़छाड़ की घटना के बाद दो समुदायों के बीच झड़प और टकराव से तनाव फैल गया। इस दौरान दोनों तरफ से पथराव हुआ। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, एक समुदाय के लोगों द्वारा एक महिला को कथित तौर पर परेशान किए जाने के बाद विवाद शुरू हुआ।

# इगा स्वियातेक ने रचा इतिहास



विंबलडन 2025:

## पोलैंड को दिलाया पहला महिला सिंगल्स खिताब

**लंदन, एजेंसी।** लंदन की हरी घास पर, जहां हर कदम इतिहास बनता है और हर विजेता अमरता की ओर बढ़ता है, वहीं 12 जुलाई 2025 को पोलैंड की 24 वर्षीय टेनिस स्टार इगा स्वियातेक ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जो अब तक उनके देश के लिए केवल सपना था। उन्होंने विंबलडन महिला सिंगल्स का खिताब जीतकर न केवल अपने करियर का पहला विंबलडन टाइटल अपने नाम किया, बल्कि वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पोलैंड की पहली महिला खिलाड़ी भी बन गईं।

फाइनल में इगा ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को मात्र 57 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर एकतरफा अंदाज़ में खिताब अपने नाम किया। टेनिस की दुनिया में इस तरह के स्कोर को 'डबल बैगेल' कहा जाता है – एक ऐसी स्थिति जहां सामने वाला खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत पाता। यह प्रदर्शन न केवल तकनीकी रूप से श्रेष्ठ था, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास का एक ऐसा प्रदर्शन था जिसे वर्षों तक याद रखा जाएगा। इगा के इस जीत की विशेषता सिर्फ उसकी तेज़ी और सटीकता में नहीं थी, बल्कि इस बात में थी कि वह विंबलडन में अब तक कभी इस स्तर पर नहीं पहुंची थीं। फ्रेंच ओपन में चार बार खिताब जीत चुकीं और एक बार यूएस ओपन की चैंपियन रह चुकीं स्वियातेक को विंबलडन की घास पर कभी-कभी असहज भी महसूस हुआ करता था। मगर इस साल कुछ बदला हुआ था – खेल में एक अलग निखार, चेहरे पर आत्मविश्वास की एक नई चमक, और हर सर्व में छिपी चुपचाप की गई मेहनत। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वे विंबलडन जीतेंगी। उनका कहना था, मैंने इसका सपना भी नहीं देखा था, यह मेरे लिए काफी दूर की बात लगती थी। मैंने ग्रैंड स्लैम जीते हैं, खुद को अनुभवी मानती हूं, लेकिन विंबलडन... इसकी कल्पना नहीं की थी। उनकी आँखों में वह आभार साफ़ झलक रहा था, जो केवल एक सच्चे चैंपियन में होता है – जो जितना ऊँचा उठता है, उतना ही विनम्र बनता जाता है। इगा की प्रतिद्वंद्वी अमांडा एनिसिमोवा के लिए यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल था। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के लिए यह सफर बहुत प्रेरणादायक रहा, भले ही फाइनल उनके लिए किसी बुरे सपने जैसा रहा हो। लेकिन टेनिस की दुनिया जानती है कि अनुभव ही खिलाड़ी को परिपक्व बनाता है, और अमांडा को यह अनुभव आगे ज़रूर मजबूत बनाएगा। इगा ने भी उन्हें मंच से सराहते हुए कहा कि वो चाहती हैं कि वे दोनों मिलकर भविष्य में और भी कई फाइनल मुकाबले खेलें। स्वियातेक की इस उपलब्धि ने पोलैंड को गर्व से भर दिया है।

झराजधानी वारसा में प्रशंसकों ने स्क्रीन पर लाइव मैच देखा और जीत के बाद सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। पोलैंड के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक टेनिस खिताब नहीं, बल्कि पूरे देश की उम्मीदों और आत्मविश्वास की जीत है। इगा अब पोलैंड की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन चुकी हैं, जैसे रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने फुटबॉल में किया था, अब वही इगा ने टेनिस में किया। इस जीत के साथ इगा स्वियातेक अब छह ग्रैंड स्लैम खिताबों की विजेता बन चुकी हैं – चार फ्रेंच ओपन, एक यूएस ओपन और अब एक विंबलडन। इस आंकड़े से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है यह संकेत कि वह मौजूदा दौर की सबसे निरंतर और खतरनाक खिलाड़ी बन चुकी हैं। वर्ल्ड नंबर वन की रैंकिंग अब सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे वे बखूबी निभा रही हैं।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने भी उनकी जीत को ऐतिहासिक करार दिया। मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा कि इगा का प्रदर्शन उन विरले मैचों में से एक था, जहां मानसिक संतुलन और तकनीकी महारत का आदर्श संगम दिखा। वहीं रोजर फेडरर ने कहा कि घास के कोर्ट पर इस स्तर की नियंत्रण क्षमता असाधारण है और इगा का सफर अब नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ता हुआ दिख रहा है।

विंबलडन की यह जीत स्वियातेक के लिए सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, यह एक प्रतीक थी – उस धैर्य, समर्पण और जुनून की जो एक खिलाड़ी को महान बनाता है। उन्होंने न केवल अपने आलोचकों को जवाब दिया, बल्कि उन लाखों युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा दी, जो मानते हैं कि कुछ सतहें, कुछ परिस्थितियाँ या कुछ प्रतियोगिताएं उनकी क्षमता के बाहर हैं।

इगा ने दिखाया कि जब मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास एक साथ चलते हैं, तो सबसे कठिन मंच भी जीत का गवाह बन जाता है। विंबलडन 2025 में उनके नाम के साथ अब सिर्फ ट्रॉफी नहीं जुड़ी है – अब इतिहास में एक चमकदार अध्याय लिखा जा चुका है, जो आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रेमियों के दिलों में जीवित रहेगा।

बीएफआई इलेक्शन:

## बीएफआई चुनावों में देरी का मामला, आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने वजह पता लगाने के लिए समिति गठित की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग समिति का गठन किया है। शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे, जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं।

आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा, बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं। आदेश में कहा गया कि यह समिति बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके। इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें ताकि राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 और बीएफआई के उपनियमों के अनुसार जल्द से जल्द चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।

## डब्ल्यूपीएल ने खिलाड़ियों की प्रगति में अहम भूमिका निभाई, टी-20 श्रृंखला जीत के बाद बोले मजूमदार



**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारतीय कोच अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 श्रृंखला जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय महिला प्रीमियर लीग को देते हुए कहा कि इसने खिलाड़ियों की प्रगति में 'अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रतिस्पर्धी घरेलू सत्र को भी दिया। भारत शनिवार को पांचवां और अंतिम मैच हार गया लेकिन श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली।

मजूमदार ने पांचवें टी20 में अंतिम गेंद पर भारत की पांच विकेट की हार के बाद कहा, खिलाड़ियों की प्रगति का एक अहम हिस्सा रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजर है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने खेलने के दिनों में घरेलू स्तर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे मजूमदार ने कहा कि वह 'डब्ल्यूपीएल की खोज रहीं।

इंडिया-इंग्लैंड:

## शेफाली वर्मा के अर्धशतक के बावजूद हारा भारत, इंग्लैंड में पहली बार टी20 सीरीज जीती



**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा। विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत ने शतकीय साझेदारी के बाद डंक्ले और वॉट हॉज को जल्दी-जल्दी आउट करके वापसी का प्रयास किया लेकिन कप्तान टैमी ब्युमोंट (30) और बूचियर (16) ने मेजबान टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए छह रन की दरकार थी। अरुंधति रेड्डी (47 रन पर दो विकेट) ने ब्युमोंट और ऐमी जोन्स को आउट किया लेकिन एकलेस्टोन और पेज स्कोफील्ड ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दोनों टीमों के बीच अब 16 जुलाई से साउथम्पटन में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी।

## लॉर्ड्स टेस्ट- दूसरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 125/4

● भारत के सिराज को 2 विकेट

**लंदन, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। जो रूट और बेन स्टोक्स नाबाद हैं। हैरी ब्रूक (23 रन) को आकाश दीप ने बोल्ड कर दिया। नीतीश कुमार रेड्डी ने जैक क्रॉली (22 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। जबकि, मोहम्मद सिराज ने ओली पोप (4 रन) और बेन डकेट (12 रन) को पवेलियन भेजा। पहली पारी में किसी टीम को बढ़त नहीं मिली, इनमें भारत और इंग्लैंड की टीमें एक समान 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं।




## WWE में शोक की लहर, रेसलर की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रोफेशनल रेसलिंग की दुनिया में कहानियां, उत्साह और रोमांच तो होता ही है, लेकिन कभी-कभी दुखद घटनाएं भी इसका एक हिस्सा बन जाती हैं। हाल ही में



रेसलिंग जगत को एक और बड़ा झटका लगा है। अनुभवी रेसलर केविन निकेल, जिन्हें रिंग में इवान वारसॉ और नक्कल्स मैडसेन के नाम से जाना जाता था उनका 41 साल की आयु में निधन हो गया है। निकेल ने इंडिपेंडेंट रेसलिंग सीन और TSW, UWN और मेम्फिस रेसलिंग जैसे कई प्रमोशन्स में लगभग दो दशक बिताए, जहां उन्होंने अपनी एक खास पहचान बनाई थी।

**अर्कांसस में गोली लगने से हुई मौत:** यह दुखद खबर तब सामने आई जब यह पता चला कि वारसॉ को अर्कांसस में एक घटना के दौरान गोली मार दी गई थी।

शुक्रवार की रात उन्हें पेट में गोली लगी और तत्काल अस्पताल ले जाने के बावजूद, उन्हें बचाया नहीं जा सका।

फिडे विश्व महिला शतरंज कप:

## वंतिका ने कैटरीना लागनो, दिव्या ने थेओडोरा इंजाक को हराया

**बटुमी (जॉर्जिया), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अवंतिका अग्रवाल और दिव्या देशमुख ने शनिवार को यहां 691250 डॉलर पुरस्कार वाले फिडे विश्व महिला शतरंज कप में क्रमशः रूस की कैटरीना लागनो और सर्बिया की थेओडोरा इंजाक के खिलाफ तीसरे दौर का पहला गेम जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली। इस नॉकआउट प्रतियोगिता में अब सिर्फ 32 प्रतिभागी बचे हैं।



वंतिका ने ऊंची रैंक वाली लागनो को हराकर भारतीय महिलाओं के बीच अपनी तेजी से बढ़ती प्रतिष्ठा का एक और संकेत दिया है। खिताब की दावेदार दिव्या अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए काले मोहरों से थेओडोरा को हराया। भारत की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त कोनेरू हम्पी को इस बीच पोलैंड की कुलॉन क्लॉडिया के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। सफेद मोहरों के साथ यह परिणाम थोड़ा निराशाजनक था, क्योंकि उनसे जीत की उम्मीद की जा रही थी। डी हरिका भी जीत हासिल नहीं कर सकीं और उन्होंने त्सोलाकिदौ स्टावरौला के साथ ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने अमेरिका की कैरिसा यिप के साथ ड्रॉ खेला।

टी20आई त्रिकोणीय श्रृंखला:

## फिन एलन चोटिल, इस कीवी बल्लेबाज की न्यूजीलैंड टीम में एंट्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी वेबसाइट के अनुसार डेवोन कॉनवे, मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टी20आई टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला 14 जुलाई को मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगी जबकि न्यूजीलैंड अपना पहला मुकाबला 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। 26 जुलाई को खेले जाने वाले फाइनल से पहले दोनों टीमें एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनवे, फिन एलन की जगह लेंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट में खेलते हुए पैर में लगी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड में आगे के परामर्श के बाद एलन के ठीक होने की समय-सीमा तय की जाएगी। हे, नीशम और रॉबिन्सन माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के अतिरिक्त कवर के रूप में टीम में शामिल हुए हैं, जो सोमवार को होने वाले मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में हैं। कीवी टीम के मुख्य कोच, रॉब वाल्टर, इस बात से निराश थे कि फिन एलन इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

रॉब वाल्टर ने कहा, हम फिन के लिए बहुत निराश हैं, मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे बेहतरीन खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पाए हैं।

### टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला का शेड्युल:

14 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
16 जुलाई - दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड
18 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
20 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 जुलाई - न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
24 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
**26 जुलाई – फाइनल।**

# पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही ज्योति सुरेखा

## भारत ने तीरंदाजी विश्व कप जीता कांसा और चांदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत ने महिला कंपाउंड स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भारत की मेडल रेस की अगुआई की। अब उनकी नजर पदकों की हैट्रिक पर है। भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक स मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए। भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक से शनिवार को मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही हैं।




हालांकि, पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने मुश्किल परिस्थितियों के दबाव में भारतीय तीरंदाजों की असक्षमता को उजागर कर दिया। क्वालिफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई।

**चीनी ताइपे की तिकड़ी को स्वर्ण**

इस हार ने फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और ऋषभ यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10वीं वरीयता प्राप्त एल साल्वाडोर की पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को की जोड़ी को 156-153 से हराकर कांस्य पदक जीता।

ज्योति सुरेखा के साथ परनीत कौर भी प्रतिस्पर्धा में भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने पहले दिन कुल 1431 अंकों के साथ क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी शुक्रवार को सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी थी और 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड्स से 152-155 से हार गई थी। ज्योति सुरेखा व्यक्तिगत स्पर्धा में परनीत कौर के साथ भी प्रतिस्पर्धा में हैं और दोनों तीरंदाजों को दिन में अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेना है।

# रुक्मणी को कैंसर पीड़ित पति को खून की जरूरत ने सिखाया रक्तदान करने का महत्व, अब वह दूसरों के लिए बन गई प्रेरणा स्रोत

**पन्ना।** पन्नाजिला अस्पताल के ब्लड बैंक में इस समय खून का भारी अभाव होने के कारण आए दिन खून की परेशानी से मरीजों के परिजनों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे समय में पन्ना जिले के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी लोगों के लिए सहारा बन रहे हैं। जिले में रक्तदान सिविर ना लगाकर ब्लड बैंक में खून का लगातार अभाव बना हुआ हैं। विगत दिनों बृजेंद्र सोनी पिता मनीष सोनी उम्र 1 वर्ष को एबी पॉजिटिव खून की अत्यंत जरूरत थी, मानवी पटेल पिता उमाशंकर पटेल उम्र 1 वर्ष निवासी विमतहा को खून की जरूरत थी। इसके साथ ही जनकपुर निवासी अहिरवार परिवार की एक महिला को खून की अत्यंत जरूरत थी। उनके पति खून दान करने में सक्षम नहीं थे। तीनों लोग खून के लिए काफी परेशान थे। तभी उनके परिजनों द्वारा पन्ना जिले के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी से दूरभाष पर संपर्क किया गया। गोस्वामी द्वारा सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया गया। जैसे




ही जानकारी पन्ना जिले के अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा पर्यवेक्षक सीएससी किरतपुर रुक्मणी प्रजापति को जानकारी प्राप्त हुई वह बिना कोई विलंब किये रात्रि के लगभग 9:00 बजे जिला अस्पताल पन्ना अपने रिश्ते के भतीजे पंकज प्रजापति को लेकर पहुंची और उन्होंने मासूम बेटी मानवी पटेल को स्वयं खून दान किया तथा उनके भतीजे पंकज प्रजापति द्वारा जनकपुर निवासी अहिरवार परिवार की महिला को स्वेच्छा से खून दान किया गया है। रुक्मणी प्रजापति द्वारा पांचवीं बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है, वहीं पंकज प्रजापति द्वारा तीसरी बार स्वेच्छा से खूनदान करने का पुनीत कार्य किया गया है। मासूम बच्चे बृजेंद्र सोनी को पन्ना शहर के राहुल अग्रवाल पिता श्री रमेश कुमार अग्रवाल द्वारा स्वेच्छा से खूनदान किया गया है । राहुल अग्रवाल द्वारा पांचवीं बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। रक्तदान दाता रुक्मणी प्रजापति ने बताया कि उनके जब पति कैंसर जैसी घातक बीमारी से परेशान थे और खून की जरूरत पड़ती थी तब ऐसे समय में उनके सगे संबंधी रिश्तेदार भी खून दान करने नहीं आ पाए थे। उस समय उन्होंने खून का महत्व समझा और उन्हें कई अजनबी लोगों ने खून देकर उनके पति की मदद की थी। तभी से उन्हें रक्तदान की प्रेरणा प्राप्त हुई है और अभी तक वह पांच जरूरतमंद लोगों को खूनदान कर चुकी हैं ।

आशा पर्यवेक्षक रुक्मणी प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए, इससे किसी प्रकार की कमजोरी बीमारी नहीं होती है। समय पर खून दान करने से आप किसी के जीवन को बचाने का पुनीत कार्य कर सकते हैं। इसलिए जब भी किसी जरूरतमंद को खून की जरूरत हो और आपको जानकारी प्राप्त हो तो सारे कार्य छोड़कर सबसे पहले रक्तदान जरूर करें ।

क्योंकि आपके दिए गए खून से किसी के परिवार के सदस्य का जीवन बचाया जा सकता है और उस परिवार की खुशियों को वापस लौटाया जा सकता है रक्तदान के इस पुनीत कार्य श्री गोस्वामी लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे विनोद पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला चिकित्सालय के अंदर पानी-पानी मरीज परेशान

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय के कमरों में पानी भर गया है जिससे वहां इलाज करा रहे है मरीज भारी परेशान है मरीजों का कहना है कि बेड़ों के नीचे पानी पहुंच गया है जिससे वहां पर रुकना मुश्किल हो रहा तालाब की तरह पानी भर गया है ज्ञात हो कि लगातार 2 दिन से झमाझम बारिश हो रही है जिससे अधिक पानी होने के कारण जिला चिकित्सालय के कमरों में भी पानी भर रहा है वहीं दूसरी ओर 100 बिस्तर का निर्माण कर चल रहा है ठेकेदार द्वारा पानी निकासी के लिए नाली नहीं बनाई गई है जिससे अस्पताल के कमरों में पानी भर रहा है तथा लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इनका कहना है ठेकेदार द्वारा ड्रेन लाइन नाली नहीं बनाई गई है जिससे जिला अस्पताल के कमरों में पानी भर रहा है हमारे द्वारा ठेकेदार से मौखिक अनेकों बार कहा गया तथा दो बार पत्राचार के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों एवं ठेकेदार को अवगत कराया गया है लेकिन सुधार कार्य होने से समस्या उत्पन्न हुई है डॉक्टर आलोक गुप्ता सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय पन्ना।

# एसडीओ एवं बीट गार्ड की मिली भगत से केंपा प्लांटेशन में किया जा रहा भारी फर्जीवाड़ा

**मजदूरों को दी जा रही दो सो रुपए मजदूरी खुद के वाहन लगाकर बनाए जा रहे मनमाने बिल सलेहा रेंज के हरदुआ बीट का मामला**







**पन्ना।** पन्ना जिले में वन विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिसमें दक्षिण वन मंडल अंतर्गत सलेहा वन परिक्षेत्र की बीट हरदुआ में कैम्पा योजना के तहत बॉस नर्सरी का रोपण किया गया उक्त कार्य बीट गार्ड उमाशंकर पाल के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें सैकड़ो मजदूर लगे हुए हैं मजदूरों को शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी नहीं दी जा रही है सिर्फ 200 से लेकर ढाई सौ तक मजदूरी दी जाती है वह भी पहले अन्य लोगों के खाते में डाल दी जाती है फिर उन्हें नगद भुगतान किया जाता है हर दुआ बीट के कच्छ क्रमांक पी 743में 18 750 बांस के पौधे रोपित किए जा रहे हैं जिसमें लगे हुए मजदूरों ने बताया कि हमें सिर्फ ढाई सौ रुपए मजदूरी दी जा रही है बाकी वन विभाग के कर्मचारी हड़प रहे ट्रैक्टर सहित जो अन्य वाहन लगे हुए हैं वह वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के ही लगे हुए हैं विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि जहां भी नए प्लांटेशन में पौधारोपण किया जाएं उसमें साफ सफाई लेंटाना साफ किया जाए लेकिन हरदुआ बीट के उक्त कक्ष क्रमांक में कोई साफ सफाई नहीं कराई गई सिर्फ गढ़े खुदवा कर पौधे रोपित कर दिए गए बताया जाता है कि उक्त प्लांटेशन में एसडीओ निगम तथा बीट गार्ड्स की मिली भगत से बड़ा फर्जी वाडा चल रहा है इसी प्रकार एसडीओ निगम के संरक्षण में अन्य नर्सरींयों में कार्य हो रहा है प्लांटेशन खाकरी निर्माण पौधारोपण सहित वन विभाग के अंतर्गत कल्दा तथा सलेहा रेंज में एसडीओ निगम की मिली भगत से कार्य किया जा रहे हैं जबकि दक्षिण मनमंडल में पदस्थ वन मंडल अधिकारी अनुपम शर्मा अच्छा एवं बेहतर कार्य कर रहे हैंउनको कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर वह तत्काल कार्रवाई करते हैं।

## सर्प के काटने से सोलह वर्षीय बालक की मौत

**पन्ना।** जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम सोनमऊ खुर्द में एक 16 वर्षीय बालक को सर्प के द्वारा काट लिया गया जिससे उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार अंकित पिता सियाराम चौधरी उम्र 16 वर्ष घर पर सो रहा था दिनांक 11 जुलाई को जहरीले सर्प ने काट दिया तत्काल उसे उप स्वास्थ्य केंद्र सिहरन तथा रैपुरा ले जाया गया लेकिन डाक्टर न होने से कोई इलाज नहीं मिला तत्पश्चात परजनों उसे कटनी ले गए लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है अनेक केदो में डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं।

## चारों तरफ पानी भरने से नहीं मिला रास्ता, इलाज के अभाव में बालिका की मौत

**पन्ना।** जिले में अनेक स्थान ऐसे हैं जहां पर सड़क एवं पुलिया न होने के चलते उक्त ग्रामों के लोग मुख्य सड़क तक नहीं पहुंच पाते तथा बरसात के समय बीमार होने पर इलाज के अभाव में मौत के मुंह में चले जाते हैं इसी प्रकार का मामला अमानगंज विधानसभा अंतर्गत देवेंद्र नगर के पास गोखुर डाउन टोला राजापुर ग्राम है जो चारों तरफ नदी नालों से गिरे हुए हैं उक्त नालों मेंपुल न होने की वजह से बरसात के समय मुख्य मार्ग तक नहीं पहुंच पाते हैं जिससे दुर्घटना घटित होती इस प्रकार का मामला ग्राम पंचायत राजापुर का सामने आया है सरपंच बेटू लाल ने बताया कि गांव के ही खिल्लु आदिवासी की पुत्री की तबीयत खराब हो गई थी वह समय पर मुख्य मार्ग नहीं पहुंच सका तथा उसकी मौत हुई क्योंकि बड़वारा राजापुर नाला में जो रिप टा बना हुआ है उसके ऊपर पानी आ जाने के चलते निकलना मुश्किल हो जाता है इसी प्रकार डाउन टोला की ओर से पुलिया नहीं बनीं जिससे निकलना मुश्किल हो रहा है क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा ने पुलिया बनाने तथा रिपटा की ऊंचाई बढ़ाने का आश्वासन दिया था लेकिन वह नहीं किया गया जिससे समस्या उत्पन्न हुई है।। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुल निर्माण की मांग की है।

## नगर पालिका द्वारा नाली नही बनाने से घर में घुसा पानी

**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना के वार्ड क्रमांक 13 के निवासी राजेश पांडे एवं सुनीता पांडे जो केंद्रीय विद्यालय के पीछे रहती है उनके घर में पानी भर गया है जिसका मुख्य कारण है नगर पालिका द्वारा नाली नहीं बनाई गई है केंद्रीय विद्यालय का भी पीछे की तरफ से पूरा पानी आता है एवं मकानों का पानी भी भर रहा है बताया गया है कि पूर्व में भी नगर पालिका को अवगत कराया गया था लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों द्वारा नाली नहीं बनाई है और अब बरसात में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र से अपहृत मूक-बधिर नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के किया गया सुपुर्द

**पन्ना।** थाना सलेहा क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसका मूक-बधिर नाबालिग पुत्र अचानक लापता हो गया है और उसके अपहरण की आशंका है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना सलेहा में तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश हेतु संभावित स्थानों जैसे बस स्टैंड, होटल एवं आस-पास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण



कर सुराग एकत्रित किए गए।

लगातार प्रयासों के फलस्वरूप यह सूचना प्राप्त हुई कि बालक सलेहा थाना क्षेत्र में ही एक स्थान पर देखा गया है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए आज दिनांक 11.07.2025 को बालक को सकुशल बस स्टेण्ड सलेहा से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत नियमानुसार समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। पन्ना पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई के चलते एक मूक-बधिर नाबालिग बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया जाना एक सराहनीय एवं जनहितकारी उपलब्धि है इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम के प्रति प्रशंसा व्यक्त की गई ।

# कोतवाली थाना पुलिस द्वारा देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** कोतवाली पुलिस द्वारा एमएम आदतन अपराधी को अवैध रूप से निर्मित एक देशी पिस्टल (09 राउंड) व दो जिंदा के सीएम जब बीवी न एक्स टीवी कारतूस के साथ के गिरफ्तार किया जाकर की गई वैधानिक कार्यवाही ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया। दिनांक 08.07.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जनवार तिराहा, यात्री प्रतीक्षालय के सामने, आम रोड पन्ना पर एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी पिस्टल लिये खड़ा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची मौके पर एक संदेही व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से नाम पता पूँछकर उसकी तलाशी ली गई जो तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से एक देशी लोहे की 09 राउंड पिस्टल एवं दो पीतल के जिंदा कारतूस लिये होना पाये गये । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जप्त किये। मामले में आरोपी के विरूद्ध इनके भी थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 597/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है । गिरफ्तार आरोपी में अखिलेश तिवारी पिता नंदीलाल तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी देवरीगढ़ी। जप्त सामग्री में एक देशी 09 राउंड लोहे की पिस्टल, दो पीतल के जिंदा कारतूस कुल कीमती करीब 10,000 रूपये के जप्त । सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा , चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि मान सिंह, प्र.आर. आईमात सेन, बृषकेतू रावत, खेमचंद्र राय, आर. संदीप पटेल, दिलीप शर्मा, फेरन सिंह, अभिषेक सिंह, एवं सत्यनारायण अग्निहोत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## श्री प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर में लगाएं जा रहे हैं पौधे

**पन्ना।** पन्ना नगर की छतरपुर- अजयगढ़ बाईपास लगभग पांच किलोमीटर लंबे इस मार्ग में दोनों और पिछले वर्ष श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दोनों तरफ लगभग 25 00 पौधों का रोपण कराया गया था, साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए गए थे। इसके अलावा गर्मी में टैंकर की मदद से इन पौधों में पानी भी डलवाया गया था। परिणाम स्वरूप किए गए पौधरोपण में 80त्न से अधिक पौधे जिंदा है और बढ़ रहे हैं। जो पौधे किन्हीं कारण बस सूख गए है उन जगहों पर ट्रस्ट द्वारा नए पौधों का रोपण कराया जा रहा है। इस कार्य में उत्तर वन मंडल अंतर्गत विश्रमगंज रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वृक्ष मित्र आशीष शर्मा रीवा द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 से 4 फीट ऊंचे पौधों का रोपण किया गया था जो की काफी हद तक सफल रहा। लेकिन इस वर्ष उससे भी ऊंचे पौधों का रोपण किया जा रहा है ताकि बहुत ही जल्द श्री प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर हरा भरा दिखाई देने लगे।

## दानिश नसीम बने मप्र पैरा स्पोर्टस एशोसिएशन के सतना जिले के जिलाध्यक्ष

**मैहर।** डॉ विवेक सिंह परिहार प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश पैरा स्पोर्टस एशोसिएशन द्वारा मैहर के युवा खिलाड़ी दानिश नसीम को सतना जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष बनने पर दानिश नसीम ने पैरा स्पोर्टस एशोसिएशन मप्र के अध्यक्ष डॉ विवेक सिंह परिहार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तक हमारे विंध्य क्षेत्र से तो कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं लेकिन जिले से कोई भी खिलाड़ी किसी भी खेल की राष्ट्रीय टीम में नहीं पहुंच सका



है जबकि सतना जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। दानिश ने विश्वास दिलाया कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि ग्रामीण तहसील ब्लॉक जिला स्तर पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं कराकर खेलो को नई गति प्रदान करेंगें जिससे मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके और वो प्रदेश एवं देश में खेलकर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने इसके लिए पूरा प्रयास करने का भरोसा दिलाया। दानिश नसीम को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके ईष्ट मित्रों नितिन ताम्रकार, राज अहमद, रजनीश मिश्रा, सिद्धांत सिंह, नितेश सराफ,रवि तिवारी,प्रभात पांडे, राजीव तिवारी, अमित संताणी, मोहम्मद इरफान, विवेक पांडे आदि खिलाड़ियों एवं मित्रों ने खुशी जताकर बधाई दी है।

# थाना सलेहा बना वसूली का अड्डा

**थाना प्रभारी की सह पर आरक्षक का दबदबा, गांव-गांव जुआ-शराब का चल रहा अवैध कारोबार**

**पन्ना।** जिस थाने को अपराध रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई, वही अब अपराधियों का अड्डा बन गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, थाना प्रभारी के संरक्षण में बबलू पटेल नामक आरक्षक केवल थाने की आंतरिक गतिविधियाँ संभाल रहा है, बल्कि सूचना संकलन की आड़ में खुलेआम लाखों की अवैध वसूली कर रहा है।

थाने की चौखट अब न्याय की नहीं, बल्कि डर, दलाली और दबाव की पहचान बन चुकी है। स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया है कि थाना क्षेत्र के हर गांव में जुए के फड़ जमा दिए गए हैं, और शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। ये सब कुछ थाना प्रभारी की आंखों के सामने नहीं, बल्कि सीधे हिस्सेदारी के साथ हो



रहा है। आरक्षक बबलू पटेल की पहुंच इतनी मजबूत हो चुकी है कि आम जनता उसे थाना स्टाफ से भी ऊपर मान रही है। परेशान ग्रामीण महिलाएं कई बार शिकायत लेकर थाने पहुंचीं - अपने बेटों को शराब-जुए से बचाने की फरियाद की। पर उन्हें या तो टरका दिया गया या डरा दिया गया। थानेदार को कमीशन मिल रहा है, वो भला हमारे बच्चों को क्यों बचाएगा? - यह कहना है एक बुजुर्ग महिला का, जिसकी आंखें आंसुओं से भरी थीं। गांव वालों की मानें तो थाना अब अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है, जहां से सेटिंग और वसूली के ज़रिए हर गैरकानूनी काम को वैधता मिल रही है। शराब माफिया, सट्टा गिरोह और जुआ संचालक - सभी को पुलिस की खुली छूट मिली हुई है। प्रशासन को यह जवाब देना होगा कि क्या आरक्षक बबलू पटेल को थाने का सहायक नियुक्त कर दिया गया है? अगर नहीं, तो वह किस अधिकार से थाने का काम देखता है, और किसके आदेश से वसूली करता है? बबलू पटेल और संलिप्त पुलिसकर्मियों पर अपराध पंजीबद्ध किया जाए। पूरे थाना स्टाफ की भूमिका की जांच कर जिला स्तर पर जवाबदेही तय की जाए।

## नाले में बहे बालक का शव एक दिन बाद हुआ बरामद

**पन्ना** ।जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत एक बालक बोरी नाला बह गया था उसका शव एक दिन बाद एन डी आरएफ की टीम द्वारा बरामद कर लिया है जानकारी के अनुसार अनुज चौधरी पिता भारत चौधरी उम्र 15 वर्ष ऑटो पर बैठकर जा रहा था इस दौरान वह नाले में गिर गया तथा बह गया लोगों द्वारा काफी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली घटना की सूचना पुलिस तथा एनडीआरएफ की टीम को दी गई प्लेटफॉर्म कमांडर सत्यपाल जैन के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम पहुंची तथा आज 12 जुलाई को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर अनुज का शव बरामद कर लिया है उक्त घटना से परिवार में शोक का माहौल कायम है।

# गुणवत्ता विहीन सड़क मे पोता डामर

**पन्ना**

नगर पंचायत अजयगढ़ निर्माण कार्यों को लेकर भ्रष्टाचार के मामलो मे खूब चर्चा का विषय बनी हुई हैं नगर मे हो रहे पक्के निर्माण कार्यों मे जमकर ठेकेदार एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, और जब ठेकेदार एवं अधिकारीयों के भ्रष्टाचार की परत खुलती हैं तो उसे घटिया तरीके के डामर से ढकने का काम ठेकेदार से करवाया जाता हैं।

ज्ञात हो की अभी हाल मे नगर के वार्ड क्रमांक 10 मे सीमेंट कंकरीट से पक्की सडक का निर्माण नगर पंचायत के द्वारा ठेकेदार से कराया गया था जिसमे जमकर भ्रष्टाचार हुआ और



सडक बनने के बाद चंद दिनों मे सडक उखड़ने लगी जिसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक की गई इसके बाद ठेकेदार और नगरीय प्रशासन द्वारा भ्रस्टाचार को ढाकने के लिए उक्त सडक मे घटिया किस्म के डामर से पोत दिया गया।

आपको बता दें की नगर मे अधिकांश निर्माण कार्य इसी तरह से कराये गए हैं और ठेकेदार एवं अधिकारी भ्र्ष्टाचार के धन से खूब मालामाल हो रहे हैं, अगर नगर मे हुए निर्माण कार्यों की जाँच जिला प्रशासन करवाता हैं तो भ्रष्टाचार की परत दर परत खुल जाएगी।

## कलेक्टर न्यायालय में 31 जुलाई तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में सर्वे नंबर 414/2, 414/3, 414/4, 422/2, 422/3 एवं 422/4 कुल किता 06 कुल रकवा 0.263 हे. भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर इसे अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इसके लिए संबंधितजनों को आगामी 31 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 14 जुलाई 2025




शहर भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बावजूद नगर निगम रीवा की टीम लगातार सक्रिय रही। बाढ़ राहत शिविरों के 6 केंद्रों में नगर निगम की टीम द्वारा लगातार राहत व बचाव कार्य किए जा रहे हैं।



## उप मुख्यमंत्री ने वन्य विहार में चार निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

### बसामन मामा गौवन्य विहार में फरवरी में होगी आचार्य राजेन्द्र दास की कथा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारणय में चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने वन्य विहार के विश्राम गृह में केयरटेकर आवास तथा किचन का लोकार्पण किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री 43 लाख 49 हजार रूपये की लागत से मनरेगा योजना तथा खनिज मद से निर्मित स्टाप डैंम तथा रपटा और चेकडैंम निर्माण का लोकार्पण किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शेष निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करें। सामुदायिक शौचालय निर्माण, भोजन शाला तथा पेवर लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करायें। बसामन मामा में आगामी फरवरी माह में मलूकदास पीठ के स्वामी आचार्य



राजेन्द्रदास की चार दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह सब पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण होगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी गौवन्य विहार में पांच हजार पौधे रोपित करायें। बांस का रोपण करके ग्रीन फेंसिंग बना दें। कार्यपालन यंत्री पीएचई दो संपबेल का निर्माण पूरा कराके पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पुर्वा में 2 करोड़ 83 लाख रूपये की लागत से विद्युत सबस्टेशन का निर्माण मंजूर हो गया है। इसका निर्माण तत्काल शुरू करायें। इससे गौशाला को पर्याप्त बिजली आपूर्ति के साथ आसपास के सभी गांव की विद्युत व्यवस्था बेहतर होगी। बसामन मामा गौवन्य विहार के विकास से जुड़े कार्यों में समय पर भुगतान करायें। उप मुख्यमंत्री ने वन्य विभाग के अधिकारियों को हिनौती गौधाम में 3 ब्लाक बनाकर 4 हजार पौधे रोपित करने के निर्देश दिये।

बैठक में विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह ने कहा कि बसामन मामा गौवन्य विहार में 8 हजार निराश्रित गौवंश को आश्रय मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री जी के सतत प्रयासों से यह गौवन्य विहार आधुनिक गौशाला के रूप में विकसित हो गया है। इसका लाभ आसपास के गांव के किसानों को देते हुए इस क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाय। इससे किसानों और गौशाला की दोनों की आय में वृद्धि होगी। बैठक में पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी की पहल से लक्ष्मणबाग उनके बाद बसामन मामा और हिनौती में गौधाम का विकास हो रहा है। इससे हजारों निराश्रित गायों को आश्रय मिला है। गायों की सेवा का फल ही क्षेत्र में विकास के रूप में मिल रहा है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, जनपद प्रतिनिधि गंगेव विकास तिवारी, श्रीमती नंदनी तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौशाला का भ्रमण करके गौसेवा की उप मुख्यमंत्री ने गायों को गुड, चना और चारा खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में साफ-सफाई तथा शेड की मरम्मत के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये।

## बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को संवेदनशीलता के साथ उदार भाव से क्षतिपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर सहित हुजूर अनुभाग के बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को संवेदनशीलता के साथ उदार भाव से क्षतिपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने राहत राशि के साथ ही अतिरिक्त खाद्यान्न प्रभावितों को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में जल भराव से प्रभावित व्यक्तियों के सर्वे के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली तथा राहत कार्यों के विषय में पूंछतांछ की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दिवस रीवा शहर के कई वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गयी थी। उन्होंने स्वयं भी नया तालाब, खैरी आदि मोहल्लों में जाकर जल भराव का जायजा लिया था और पीड़ितों से मुलाकात भी की थी। उन्होंने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति की शीघ्र व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2016 में रीवा में आयी बाढ़ के बाद सर्वे कर बाढ़ को रोकने के उपायों के सुझाव दिये गये थे। उस रिपोर्ट का अध्ययन कर सुझाये गये बिन्दुओं का भी परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि करहिया में मूर्ति विसर्जन घाट से आगे नदी की चौड़ाई को बढ़ाने के लिए सर्वे करें साथ ही उन्नत पुलों के बन जाने के बाद पूर्व के पुलों के ढांचे व पिलर आदि को भी हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उप मुख्यमंत्री ने गत दिवस जल भराव से उत्पन्न स्थिति में प्रशासन की सक्रियता की प्रशंसा भी की। बैठक में बताया गया कि रीवा शहर के 6 वार्डों के 234 बाढ़ प्रभावितों के प्रकरण सर्वे के उपरांत बनाये गये हैं। इसी प्रकार हुजूर अनुभाग के 410 व्यक्ति बाढ़ से प्रभावित रहें हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जल भराव के कारण प्रभावितों को शीघ्र ही राहत राशि व खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिन स्थानों में नालों में अतिक्रमण के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हुई उन्हें शीघ्र ही हटाया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बीके शुक्ला, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, पूर्व जिला गौसंवर्धन बोर्ड उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत आवेदन 25 जुलाई तक

### विपत्तिग्रस्त महिलाओं को कौशल उन्नयन तथा स्वरोजगार प्रशिक्षण का अवसर

**रीवा।** मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षण देने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विपत्तिग्रस्त महिलायें जिनके परिवार में कोई नहीं हो, बलात्कार से पीड़ित महिला या बालिका, दुव्यापार से बचाई गयी महिलायें जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो, ऐसिड विक्टिम/दहेज प्रताड़ित/अग्नि पीडित महिलायें, कुआरी मातायें या समाजिक कुप्रथा का शिकार महिलायें, जेल से रिहा महिलायें, परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलायें जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो, आश्रय गृह, बालिका गृह, अनुरक्षण गृह में निवासरत विपत्तिग्रस्त बालिका / महिला जो प्रशिक्षण लेना चाहती हों आवेदन कर सकती हैं। प्रशिक्षण पर होने वाला संपूर्ण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। हितग्राहियों का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गयी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण हेतु महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त न हो, सामान्य वर्ग की महिला की उम्र 45 वर्ष से अधिक न हो परित्यक्ता तलाकशुदा / विधवा, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग महिला होने की स्थिति मे 50 वर्ष, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी अनिवार्य होगी। चयनित विपत्तिग्रस्त महिलाओं को संचालनालय महिला एवं बाल विकास द्वारा निर्धारित विभिन्न विषयों पर मान्यता प्राप्त संस्थाओ में प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। आवेदन पत्र प्राप्त करनें एवं अधिक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नवीन कलेक्ट्रेट भवन, प्रथम तल कक्ष कमांक 4 से प्राप्त की जा सकती है।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## रीवा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बूथ लेवल आफीसर्स बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य निर्वाचन गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र रीवा के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। बीएलओ को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में एसएल मण्डलोई प्राध्यापक, डॉ हुलास पेण्ड्रो सहायक प्राध्यापक तथा डॉ जितेन्द्र कुमार पाण्डेय सहायक प्राध्यापक को तैनात किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बूथ क्रमांक एक से बूथ क्रमांक 100 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 जुलाई तथा बूथ क्रमांक 101 से 200 तक का प्रशिक्षण 15 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है।

बूथ क्रमांक 201 से 244 तक के बीएलओ को 16 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी बीएलओ प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## कमिश्नर आज करेंगे निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अति वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में नवीन मेटरनिटीविंग कक्ष का किया शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय रीवा के नवीन मेटरनिटीविंग कक्ष का शुभारंभ किया। उन्होंने मेटरनिटीविंग के बन जाने से मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर बताया गया कि नवीन मेटरनिटीविंग में प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित मरीजों को पृथक से ओपीडी की सुविधा के साथ



जांच के लिए सेम्पल प्राप्त करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालय के 100 बिस्तर के अतिरिक्त भवन के बन जाने से मरीजों को और सुविधा मिलेगी साथ ही इसमें मेटरनिटीविंग के लिए भी स्थान आरक्षित रहेगा।

उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन का अवलोकन किया तथा शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के साथ ही आरबीसी के अन्तर्गत राहत एवं सीमांकन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में एक पेड़ माँ नाम अभियान के तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने माँ भगवती हेल्थ केयर सेंटर का किया शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम शाहपुर हिनौता में माँ भगवती हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम स्वस्थ्य रहेंगे तभी हर तरह का विकास सार्थक होगा। हेल्थ केयर सेंटर आसपास के पूरे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य की जांच और उपचार की अच्छी सुविधा देगा। कई बार समय पर जांच होने से रोग का उपचार तत्काल शुरू हो जाता है।




समय पर उपचार से कैंसर का रोग भी साध्य हो जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कई गंभीर रोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। टेलीमेडिसीन के माध्यम से उप स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिकत स्वास्थ्य केन्द्र मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपचार की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## विकास की कतार में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को भी मिलेगा योजनाओं का लाभ : शुक्ल

### धरती आबा योजना से जनजातीय परिवारों का होगा समग्र विकास : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने धरती आबा अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अत्यंत पिछड़े जनजातीय परिवारों के कल्याण के लिए जनमन योजना शुरू की। प्रधानमंत्री जी ने 2024 में धरती आबा अभियान शुरू करके देश के 28 लाख अनुसूचित जनजाति हितग्राहियों को विकास की सभी योजनाओं का लाभ देने का



अभियान शुरू किया है। इसके लिए 28 हजार करोड़ रूपये की राशि दी गयी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनजाति परिवारों के कल्याण के लिए इस अभियान को लागू किया गया है। अभियान के तहत रीवा और मऊगंज जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक जन जागरूकता शिविर गांव-गांव लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों अब तक 2877 जनजाति हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया है। धरती आबा योजना से जनजाति परिवारों का समग्र विकास होगा। विकास की कतार में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा अभियान के तहत जिले भर में जागरूकता का सघन अभियान चलाये। शासन की विभिन्न योजनाओं से जनजाति परिवारों को दिये जा रहे लाभों से अवगत करायें। योजनाओं की जानकारी मिलने पर ही जनजाति परिवार उनका लाभ ले सकेंगे। धरती आबा अभियान में 18 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हर पात्र जनजाति हितग्राही को इन योजनाओं का लाभ दें। इसमें पक्के आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, खेती के विकास, सामाजिक कल्याण, महिला सशक्तीकरण सहित विभिन्न लाभ शामिल हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र घूमा के संबंध में सुझाव 20 जुलाई तक

**रीवा।** नई औद्योगिक नीति के तहत रीवा जिले में औद्योगिक विकास केन्द्र घूमा का विकास किया जा रहा है। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्य पूरे हो गए हैं। नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए भूखण्डों का आवंटन किया जा रहा है। जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने इस संबंध में कहा है कि घूमा औद्योगिक क्षेत्र में नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए उद्योग लगाने के इच्छुक व्यक्ति, भूखण्डों की साइज तथा औद्योगिक इकाई के संबंध में अपने सुझाव 20 जुलाई तक दे सकते हैं। सुझाव ईमेल एडीआईआईडी एट द रेट एमपी जीओभी डॉट इन पर दे सकते हैं।

## बाढ़ राहत शिविरों के 6 केंद्रों में नगर निगम की टीम द्वारा लगातार किए जा रहे राहत व बचाव कार्य

**रीवा।** शहर भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बावजूद नगर निगम की टीम लगातार सक्रिय रही। बाढ़ राहत शिविरों के 6 केंद्रों में नगर निगम की टीम द्वारा लगातार राहत व बचाव कार्य किए जा रहे हैं। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर दिनांक 13 जुलाई को राहत शिविरों में ठहरे लोगों के लिए तथा बिछिया नदी के आसपास, निपानिया एवं खैरी बस्ती के बाढ़ प्रभावित रहवासियों को सुबह नाश्ता एवं दोपहर में भोजन के 600 पैकेट वितरित किए गए। साथ ही शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वर्षा का पानी कम होने के बाद लगातार कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके एवं मच्छरों के लार्वा नष्ट कर डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों को रोका जा सके। नगर निगम स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण के लिए लगातार प्रयासरत है।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17**, दूरभाष : 09424315633,7389444833